Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

वर्ष: 6 अंक: 249 | बुधवार, 10 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

**हिंसा :**

**सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ गुस्सा भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में बदला**

**राष्ट्रपति भवन आग के हवाले, प्रधानमंत्री और मंत्रियों के घरों में आगजनी-तोड़फोड़**

# नेपाल में नौजवानों ने संसद फूंकी ,पीएम ओली का इस्तीफा

**नई दिल्ली।**

नेपाल सरकार के विरुद्ध युवाओं की बगावत और उससे उपजी हिंसा को लेकर भारतीय सीमावर्ती इलाके में मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। यूपी, बिहार, बंगाल, उत्तराखंड से सटे इलाकों में पुलिस की टीमें लगातार अलर्ट मोड पर हैं। इन क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं। मंगलवार को आंदोलनकारी आगजनी करते हुए बिहार में गलगलिया के समीप भारत के सीमा क्षेत्र तक पहुंचे गये थे, जिन्हें एसएसबी जवानों ने खदेड़ दिया। किशनगंज एसपी सागर कुमार ने एसएसबी के साथ गलगलिया सीमा क्षेत्र का जायजा लिया। भारत-नेपाल की सभी सीमा को सील कर दिया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती सात जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, और किशनगंज को विशेष तौर पर अलर्ट किया है। उधर यूपी के सोनौली, ठूठीबारी, बढ़नी, खुनुआ व ककरहवा सीमा पर सुरक्षा बढ़ाकर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया है। नेपाल हिंसा का प्रभाव श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर तक दिख रहा है। नेपाल सीमा पर पर्यटकों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। जरूरतमंद स्थानीय लोगों को भी जांच और पूछताछ के बाद ही आने-जाने दिया जा रहा है। बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पंकज दराद ने बताया कि पुलिस के साथ सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की टीम संयुक्त रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त कर रही है।



**04**
सौ से अधिक लोग अब तक हिंसा में घायल हो चुके है

**19**
लोगों की मौत के अगले दिन और उग्र हो गया प्रदर्शन

### कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन चालू

दार्जिलिंग जिले के पानीटंकी बार्डर पर पुलिस ने नाका चेकिंग शुरू कर दी। डॉग स्क्वायड की तैनाती की गई है। दार्जिलिंग के पुलिस अधीक्षक प्रवीण प्रकाश ने बताया कि नेपाल पुलिस से लगातार संपर्क बना हुआ है और नेपाल में फंसे भारतीयों की मदद के लिए कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन चालू कर दी गई है। सिलीगुड़ी से सटे कांकरभीट्टा और भद्रपुर में आंदोलनकारियों ने दर्जन भर से अधिक सरकारी कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया गया।

### उत्तराखंड की सीमाओं पर बढ़ी चौकसी

उत्तराखंड से लगी सीमाओं पर पुलिस और सीमा क्षेत्र की निगरानी में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त रूप से गश्त तेज कर दी है। पिथौरागढ़ की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर सीओ गोविंद बल्लभ जोशी व केएस रावत के नेतृत्व में सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में पुलिस व एसएसबी के जवानों ने काली नदी किनारे व संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त की। सीमा पर हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए पुलिस ने आम जनमानस से तुरंत सूचना देने की अपील की।

### सीमा पर भी चौकसी बरती जा रही

सीमा के उस पार अगर कोई भारतीय फंसे होंगे तो उन्हें भी निकालने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए एसपी से लेकर डीआइजी स्तर के अधिकारियों से लगातार फीडबैक लिया जा रहा है। बिहार के भागलपुर व मुजफ्फरपुर से लगी सीमा पर भी चौकसी बरती जा रही है।

### सीमा से सटे उप्र के जिलों में हाई अलर्ट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल सीमा से सटे प्रदेश के जिलों में 24 घंटे कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि सीमावर्ती जिलों में अतिरिक्त पुलिस व पीएसी की तैनाती की गई है। नेपाल में फंसे भारतीयों की मदद के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। किशनगंज एसपी सागर कुमार ने एसएसबी के साथ गलगलिया सीमा क्षेत्र का जायजा लिया। भारत-नेपाल की सभी सीमा को सील कर दिया गया है। जोगबनी सीमा पर सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय वाहनों को नेपाल जाने से रोका जा रहा है। सिकटी में एसएसबी और पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

# सीपी राधाकृष्णन बने देश के नए उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।**



एनडीए के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भारत का नया उपराष्ट्रपति चुने गए हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए। जिनमें से 752 वैध और 15 अवैध थे। मतदान का प्रतिशत 98 फीसदी रहा। एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। आज हुए मतदान में सीपी राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उपराष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा, मैं नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन को उनके कार्यकाल की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हालांकि परिणाम मेरे पक्ष में नहीं है, फिर भी वैचारिक लड़ाई और अधिक जोश के साथ जारी रहेगी।

**सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट से हराया**

**वोट मिले 452**

### ऑफिस में तीन दिन काम अनिवार्य करेगी माइक्रोसॉफ्ट

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट 2026 से कर्मचारियों के लिए ऑफिस में तीन दिन काम अनिवार्य करेगी। नई नीति रेडमंड मुख्यालय से शुरू होकर अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय कार्यालयों में लागू होगी। माइक्रोसॉफ्ट ने मंगलवार को घोषणा की कि अगले साल से उसके कर्मचारियों को सप्ताह में तीन दिन ऑफिस में काम करना अनिवार्य होगा। यह नई नीति कंपनी के मुख्यालय, रेडमंड, वॉशिंगटन से शुरू होकर क्रमशः अन्य अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय कार्यालयों में लागू होगी। कंपनी की चीफ पीपल ऑफिसर एमी कोलमैन ने अपनी पोस्ट में बताया कि नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा।

# 39 वर्षीय सेबेस्टियन लेकोर्नू फ्रांस के नए प्रधानमंत्री होंगे



**पेरिस।**

फ्रांस्वा बायरू के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को अब फ्रांस का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। अब लेकोर्नू के सामने चुनौती होगी कि वह विखंडित और गहरे रूप से विभाजित संसद में बजट को पारित करवा सकें। फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू (39) अब देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। फ्रांस्वा बायरू के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने लेकोर्नू को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया है। वह लगभग एक वर्ष में फ्रांस के चौथे प्रधानमंत्री बने हैं। लेकोर्नू फ्रांस के इतिहास में सबसे युवा रक्षा मंत्री रहे हैं। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद 2030 तक बड़े पैमाने पर सैन्य विस्तार की योजना तैयार की है। राष्ट्रपति मैक्रों ने यह नियुक्ति उस समय की, जब उनके पिछले प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू संसद में विश्वास मत हार गए थे। बायरू सार्वजनिक खर्चों में कटौती की कोशिश कर रहे थे, जिस पर उन्हें संसद में समर्थन नहीं मिला। अब लेकोर्नू के सामने चुनौती होगी कि वह विखंडित और गहरे रूप से विभाजित संसद में बजट को पारित करवा सकें।

# ट्रंप बोले- पीएम मोदी से बात के लिए उत्सुक

## व्यापार बाधा दूर करने को भारत-अमेरिका संवाद जारी

**नई दिल्ली।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ रिश्तों को सुधारने की पहल करने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर जारी बयान में और क्या कहा? जानिए इस खबर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। अपनी टैरिफ नीतियों के कारण अपने देश में ही घिरते जा रहे ट्रंप ने कहा है कि वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि व्यापार बाधा दूर करने के लिए भारत-अमेरिका के बीच बातचीत जारी है। ट्रंप ने आधी रात के बाद (भारतीय समयानुसार) जारी अपने इस बयान में क्या कहा? उनके बयान के क्या मायने हैं ?आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे मित्र, प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे दोनों महान देशों के लिए एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी! इससे पहले, ओवल ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। लेकिन मुझे इस समय उनके द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे हैं। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता है। चिंता की कोई बात नहीं है। हमारे बीच ऐसे पल आ जाते हैं।'

# राजस्थान में मतांतरण पर उम्रकैद और एक करोड़ रुपये जुमार्ना

**जयपुर।**

राजस्थान में अब सामूहिक रूप से मतांतरण करवाने वाली संस्थाओं पर एक करोड़ रुपये तक का जुमार्ना लगाने के साथ उनके भवनों को सीज किया जा सकेगा। सामूहिक मतांतरण पर कम से कम 20 साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा होगी। मतांतरण करवाने वाली संस्थाओं द्वारा नियमों का उल्लंघन या अतिक्रमण कर भवनों का निर्माण करने पर उन्हें तोड़ा भी जा सकेगा। स्थानीय निकाय और प्रशासन द्वारा जांच के बाद बुलडोजर चलाया जाएगा। जिस भवन में मतांतरण हुआ है उसे प्रशासन जब्त करेगा। ये प्रावधान मंगलवार को विधानसभा में पारित राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 (मतांतरण विरोधी विधेयक) में किए गए हैं।



# गंगा नदी जल बंटवारे पर भारत-बांग्लादेश के बीच हुई अहम बैठक

**नई दिल्ली।**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ संबंधों में तनाव के बाद भी भारत ने बांग्लादेश के साथ गंगा नदी जल बंटवारे सहित बाढ़ और नदी प्रबंधन जैसे विषयों पर मंगलवार को एक अहम बैठक की है। इस दौरान 2026 में खत्म हो रहे गंगा नदी के जल बंटवारे को लेकर हुए फरक्का समझौते के नवीनीकरण के मुद्दे पर मुख्य रूप चर्चा हुई है। बैठक में बांग्लादेश के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया है। जबकि भारत की ओर से जल शक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिमंडल शामिल था। भारत-बांग्लादेश के बीच नदियों के बेहतर प्रबंधन और बाढ़ प्रबंधन को गठित संयुक्त नदी आयोग (जेआरसी) की हुए इस बैठक में बाढ़ प्रबंधन और आंकड़ों के आदान-प्रदान पर भी चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच इस आयोग का गठन 1972 में हुआ था। बाद में इसी आयोग की देखरेख में दोनों देशों के बीच गंगा नदी के जल बंटवारे को लेकर 1996 में फरक्का समझौता भी हुआ था। जल शक्ति मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक फरक्का समझौता 30 वर्ष के लिए था। जो अगले साल यानी 2026 में खत्म हो रहा है।



## संपादक की कलम से

# नेपाल में जेन-जेड विद्रोह



ललित शर्मा
संपादक

नेपाल में जेनरेशन जेड के युवा आक्रोशित, आंदोलित और कुछ हद तक हिंसक होकर सडकों पर ही नहीं, बल्कि संसद भवन के भीतर भी घुस गए थे। यह बगावत सोशल मीडिया पर थोपी गई पाबंदियों के मद्देनजर नहीं, बल्कि देश की म्यूजिकल चेयर सत्ताओं के खिलाफ एक जन–विद्रोह है। देर रात प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार ने फेसबुक, व्हाट्स एप, एक्स, इंस्टाग्राम, यू–ट्यूब आदि 26 ऐप्स को पाबंदियों से मुक्त कर दिया, कई जगह कर्फ्यू भी उठा लिए गए, लेकिन जेन–जेड के युवा अब भी आंदोलित हैं। वे प्रधानमंत्री ओली की सरकार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। यह पीढ़ीगत फासलों और संक्रमण की लड़ाई है, द्वंद्व है। युवा देश में अपने प्रतिनिधित्व की सरकार चाहते हैं, ताकि उनकी तकलीफों को समझा जा सके। युवाओं का पलायन रोका जा सके। पढ़ाई और नौकरी के लिए उन्हें विदेशों में धक्के न खाने पड़ें। समग्रता में युवाओं का यह विद्रोह बेरोजगारी, महंगाई, व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्हें अब न तो प्रचंड का नेतृत्व चाहिए और न ही उन्हें ओली स्वीकार्य हैं। यह विद्रोह नेपाल में सत्ता–परिवर्तन की नई प्रस्तावना लिख सकता है। नेपाल में लोकतांत्रिक प्रणाली के प्रति भी जेन–जेड का मोहभंग इतना गहरा हो गया है कि वे राजशाही की बहाली के पक्ष में भी आंदोलित रहे हैं। बहरहाल नेपाल में अचानक उग्र हुए युवा विद्रोह में 20 मौतें हो चुकी हैं और करीब 500 युवा घायल हैं। पत्रकारों को भी गोली लगी है। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। विद्रोह के कारण राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास और केंद्रीय प्रशासनिक क्षेत्र के आसपास कर्फ्यू लगाना पड़ा था। सुरक्षा बढ़ानी पड़ी थी। कर्फ्यू 7 शहरों में लगाया गया था। प्रधानमंत्री ओली की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई गई और गृहमंत्री रमेश लेखक ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिया। दरअसल नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाया था कि सोशल मीडिया की सभी विदेशी कंपनियां सरकार के आदेश का अनुपालन करें और नेपाल में पंजीकरण करा स्थानीय प्रतिनिधियों की नियुक्ति करें।विदेशी कंपनियों ने इस फैसले को भी गंभीरता से नहीं लिया, नतीजतन सरकार को चीनी टिकटॉक को छोड़ कर अन्य 26 ऐप्स को प्रतिबंधित करना पड़ा। नेपाल की आबादी करीब 3 करोड़ है, लेकिन करीब 1.65 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन हैं। लोग कोई न कोई सोशल मीडिया जरूर देखते हैं। सभी प्लेटफॉर्म निशुल्क हैं। ऐसे में जेन–जेड के युवाओं को लगा मानो उनकी आवाज दबा दी गई हो! नेपाल में बेरोजगारी दर 10.71 फीसदी है। महंगाई 5.2 फीसदी है। आर्थिक असमानता इतनी है कि 20 फीसदी लोगों के पास 56 फीसदी संपत्ति है। भाई–भतीजावाद और चहेतों को कुर्सी पर बिठाने से नेताओं के बच्चों की विदेशी यात्राएं, ब्रांडेड सामान, शान–ओ–शौकत की पार्टियां सोशल मीडिया पर चर्चित होने लगीं। फिलीपींस, इंडोनेशिया का नेपो बेबी अभियान नेपाल में ही ट्रेंड करने लगा। सरकार ने पाबंदियां लगाईं, तो जेन–जेड ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश माना। बीते चार साल में तीन बड़े घोटाले सामने आए। करीब 55,000 करोड़ रुपए का गिरी बंधु भूमि घोटाला, करीब 14,000 करोड़ का ओरिएंटल कोऑपरेटिव घोटाला और करीब 70,000 करोड़ रुपए का सहकारिता घोटाला के अलावा वीजा, टेलीकॉम, पोखरा एयरपोर्ट आदि घोटाले भी चर्चा में रहे हैं। इनसे युवाओं का आक्रोश बढ़ता गया है।

मोनिका डागा आनंद

## श्राद्ध पक्ष

कविता



देने शुभ आशीर्वाद अपने वंशजों को सारे,
श्राद्ध पक्ष में धरती पर आते पूर्वज हमारे,
करते हैं वो शांति सुख समृद्धि की कामना,
रखना तुम भी सच्ची श्रद्धा प्रेम की भावना ।

फलते–फूलते रहे हमारे सारे बच्चे प्यारे–प्यारे,
सदा ही बने वो प्राणियों के रक्षक और सहारे,
पिंडदान और तर्पण श्रद्धा से तुम भी करना ,
अपने मन का दर्पण स्वच्छ व निर्मल रखना ।

भूल चूक जो हुई तो पितर सदा माफ करते,
अपने बच्चों के प्रेम भाव को स्वीकार करते,
क्षमा याचना तुम भी नि:संकोच उनसे करना,
अपनी गलतियों को स्वीकारने से मत डरना ।

आशीष सदा पूर्वजों का अपनों पर नित बरसे,
परिवार का हर एक सदस्य रहे खुशहाल मन से,
आदर कृतज्ञता ₹आनंद₹ पूर्वजों के प्रति रखना,
ये मनुज जन्म जो पाया आभार भी व्यक्त करना ।

कुशलता से सभी जिम्मेदारियों को निवृत्त करके,
मान रखना तुम अपनी परम्पराओं का बढ़ चढ़के,
ताकि पूर्वजों का चित हो शांत व प्रसन्नता से भरा,
गमन हो दिव्य मार्ग की ओर सुगम सुखमय हरा ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रूस का लाइलाज बिमारी कैंसर को वैक्सिन से हराने की क्रांतिकारी खोज -नई वैक्सीन,नया इलाज, क्रांतिकारी शोध- इंटरोमिक्स कैंसर वैक्सीन




विश्व स्वास्थ्य जगत में कैंसर एक ऐसा सार्वभौमिक संकट रहा है जिसने अनेक बार वैज्ञानिकों को अचम्भित किया है। बढ़ते कैंसर के मामलों और उसके आर्थिक व सामाजिक प्रभावों की चुनौतियों ने एक से अधिक बार चिकित्सा अनुसंधान को अग्रसर किया है ।कैंसर आज के समय में इंसानों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है, पहले यह बड़े उम्र के लोगों में ज्यादा होता था,लेकिन आज कम उम्र के लोग भी इसकी चपेट में हैं, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि अगर सरल शब्दों में कहा जाए तो स्त्री से लेकर पुरुष तक हर कोई कैंसर से परेशान है,इसके अलावा इसके इलाज में काफी खर्च आता है जो आम इंसान कभी-कभी उतना दे नहीं पाता और इसके चलते हर साल बड़ी संख्या में इससे लोगों की मौत हो जाती है, अब इसी बीमारी को काउंटर करने के लिए रूस ने वैक्सीन का निर्माण किया है,यह वैक्सीन अगर इंसानों पर पूरी तरह सफल होती है, तो यह मानव सभ्यता के सबसे महान खोजों में से एक होने वाली है, 8 सितंबर 25 को देर रात्रि आई जानकारी के अनुसार,अभी तक एम- आरएनए बेस्ड वैक्सीन 'एंटरोमिक्स' ने प्री-क्लिनिकल ट्रायल्स में 100 प्रतिशत तक प्रभावशील और सुरक्षित दिखी है, इस वैक्सीन को रूस के नेशनल मेडिकल रिसर्च रेडियोलॉजी सेंटर और रूस के ही एकेडमी ऑफ साइंस के एंगेलहार्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मॉलिक्यूलर बायोलॉजी ने साथ मिलकर तैयार किया है ।समाचारों में अक्सरनई वैक्सीन,नया इलाज क्रांतिकारी शोध जैसी बातें सामने आती हैं परंतु सच्चाई अक्सर संतोषजनक नहीं होती। इसलिए रूस की वैज्ञानिक टीम द्वारा प्रकाशित हालिया रिपोर्ट, जिसमें दावा है कि इंटरोमिक्स नामक एम-आरएनए कैंसर वैक्सीन ग्लोबली प्रीक्लिनिकल से लेकर क्लिनिकल ट्रायल्स में 100 पर्सेंट सफल रही है,वास्तव में एक व्यापक और सावधानी पूर्वक मूल्यांकन मांगती है ।चूँकि एक नई उम्मीद इंटरोमिक्स कैंसर वैक्सीनः- कैंसर को वैक्सीन से हराने की पहल, वैश्विक शोध जगत में इस खोज को एक संभावित गेम-चेंजर माना जा रहा है ।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,कैंसर के इलाज में रूस की क्रांतिकारी खोज-नई वैक्सीन नया इलाज,क्रांतिकारी शोध- इंटरोमिक्स कैंसर वैक्सीन।

साथियों बात अगर हम शोध का दायरा और वैक्सीन का निर्माण व ट्रायल के प्रारंभिक नतीजों की करें तो,रूसी नेशनल मेडिकल रिसर्च रेडियोलॉजिकल सेंटर एवं एंगेल्हार्डट इंस्टिट्यूट ऑफ मोलेक्युलर बायोलॉजी (रूसी विज्ञान अकादमी) द्वारा मिलकर विकसित की गई इंटरोमिक्स वैक्सीन का आधार वही एम-आरएनए तकनीक है जो कोविड-19 वैक्सीन में प्रयोग हुई थी।इसकी खासियत है,यह व्यक्तिगत ट्यूमर जीनोमिक प्रोफि लिंग पर आधारित,पूर्णतया कस्टमाइज्ड थेरेपी है।इसका मतलब है कि प्रत्येक मरीज के ट्यूमर की जीन-म्युटेशनल विश्लेषण के आधार पर वैक्सीन तैयार की जाती है ताकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उन्हें लक्ष्य कर सके। यह प्रयास केवल वर्गगत प्रतिरक्षा (स्टैंडर्ड कैंसर वैक्सीन) से हटकर, सटीक, तेज और प्रभावी चिकित्सा का नेतृत्व करता है। ट्रायल के प्रारंभिक नतीजे-- फेज-1 क्लिनिकल ट्रायल, जिसमें लगभग 48 स्वैच्छिक प्रतिभागियों को शामिल किया गया था,में मरीजों में ट्यूमर में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई और कोई गंभीर साइड-इफेक्ट्स नहीं दर्ज हुए।यह दुर्लभ उपलब्धि है, क्योंकि कैंसर उपचार में अक्सर कष्टप्रद स्वास्थ्य प्रभाव आते हैं,विशेषकर कीमोथेरेपी, रेडिएशन या सर्जरी में। ट्रायल में प्राप्त परिणामों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि वैक्सीन सुरक्षित और अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई है। साथियों बात अगर हम कोलोरेक्टल कैंसर पर पहली सफलता व दावे और दूसरी परीक्षण पोकियाँ की करें तो हम देखेंगे कि इंटरोमिक्स की पहली लक्षित उपयोगिता कोलोरेक्टल कैंसर (बड़ी आंत का कैंसर) पर केंद्रित रही। इस कैंसर का वैश्विक स्तर पर प्रसार और मृत्यु दर काफी उच्च है ।प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार,इंटरोमिक्स ने कोलोरेक्टल कैंसर से ग्रसित रोगियों में ट्यूमर सिकुड़ने और वृद्धि में बाधा डालने में सफलता हासिल की है ।दावे और दूसरी परीक्षण पोकियाँ-रूसी एजेंसी एफएमबीए (फेडरल मेडिकल एंड बायोलॉजिकल एजेंसी) ने घोषणा की है कि कई वर्षों की अनुसंधान अवधि और कम से कम तीन साल के अनिवार्य प्रीक्लिनिकल अध्ययनों के बाद अब यह वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार है,लेकिन आधिकारिक अप्रूवल अभी अग्रसर है ।रिपोर्ट अनुसार, ट्यूमर की वृद्धि दर में 60 पर्सेंट से 80 पर्सेंट तक की गिरावट दिखाई गई और जीवनकाल में सुधार भी हुआ। साथियों बात अगर हम अगली चुनौतियों: ग्लोबल जरूरतों और अवरोधों पर नजर डालकर समझने की करें तो, वैश्विक शोध जगत में इस खोज को एक संभावित गेम-चेंजर माना जा रहा है। अगर अगले चरण के ट्रायल–फेज -2, फेज-3,में यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी साबित होती है, तो यह कैंसर उपचार के आसपास के परिदृश्य को बदलने का दम रखती है। हालांकि, वैज्ञानिक विश्व में सामान्यतः फेज-1 की सफलता अंतिम मंज़िल नहीं होती। फेज-2 और फेज-3 के बड़े, व्यापक ट्रायल्स, दीर्घकालिक प्रभाव, उत्पादन- लागत, वितरण व्यवस्था और नियामकीय मंजूरी जैसीचुनौतियाँ अभी बाकी हैं ।फिर भी, आज 8 सितंबर 2025 की तारीख में, वैश्विक स्वास्थ्य और कैंसर अनुसंधान की दुनिया में रूस की यह खोज निश्चित रूप से एक उल्लेखनीय और प्रेरणादायी मोड़ बन चुकी है, जो नई उम्मीदों को जन्म देती है ।यह व्यक्तिगत, मुँहतोड़ और साइड- इफेक्ट-रहित चिकित्सा का भविष्य का प्रवाह हो सकता है ।भारत जैसे देशों में, जहाँ कैंसर की बीमारी आर्थिक बोझ और चिकित्सा पहुँच की चुनौतियों के बीच एक गंभीर समस्या है, ऐसी सफलता आशा की किरण बन सकती है,बशर्ते लागत, इंफ्रास्ट्रक्चर और नियामक अवरोधों का समाधान हो सके ।भारत में कैंसर के इलाज पर अनुमानतः 29,000 करोड़ रूपए सालाना खर्च होता है, जिससे अनेक परिवार आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित होते हैं ।बच्चों, वृद्धों और समाज पर प्रभाव- कैंसर कोई उम्र-विशिष्ट बीमारी नहीं है,यह बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक किसी को भी प्रभावित कर सकता है।



गोंदिया

कई बार इस बीमारी से युवा जीवन की संभावना छिन जाती है, या जो लोग बच जाते हैं, उन्हें सारा जीवन आर्थिक और मानसिक संघर्ष करना पड़ता है। अगर इंटरोमिक्स जैसी वैक्सीन हर उम्र वर्ग में सफल हो जाती है, तो यह मानवीय विकास का सबसे महान योगदानों में से एक बन सकती है। साथियों बात अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्यः इतिहास में सामने आई अन्य कोशिशें तथा डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों की करें तो,पहले भी कुछ देशों और संस्थानों ने कैंसर वैक्सीन विकास की पहल की,जैसे अमेरिका कीऑनकफज (विटेस्पेन) नामक वैक्सीन, जिसे रूस ने भी अप्रूवल दिया था (2008 में शुरूआती-स्टेज किडनी कैंसर के लिए)। लेकिन इसके बावजूद वैश्विक स्तरपर यह वैक्सीन व्यावसायिक रूप से सफल नहीं हो सकीइसलिए इंटरोमिक्स की सफलता सिर्फ एक वैज्ञानिक अध्याय नहीं, बल्कि एक व्यापक वैश्विक चुनौती और संभावनाओं का भाग हो सकती है।

यदि व्यापक परीक्षणों और वैश्विक मान्यता में यह सफल हो जाती है, तो चिकित्सा जगत की चुनौतियाँ और उपचार दृष्टिकोण दोनों परिवर्तित हो सकते हैं ।वैश्विक दृष्टिकोण से,विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 2 करोड़ नए कैंसर के मामलों का सामना विश्व करता है, और करीब 1 करोड़ कैंसर के कारण मर जाते हैं। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किरूस का लाइलाज बीमारी कैंसर को वैक्सीन से हराने की क्रांतिकारी खोज -नई वैक्सीन,नया इलाज, क्रांतिकारी शोधइंटरोमिक्स कैंसर वैक्सीनएक नई उम्मीद इंटरोमिक्स कैंसर वैक्सीनः- वैश्विक शोध जगत में इस खोज को एक संभावित गेम-चेंजर माना जा रहा है।

# सी.पी. राधाकृष्णनः एक नये अध्याय की शुरूआत



ललित गर्ग



भारत के अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए संसद के दोनों सदनों के सांसदों ने अपने वोट डालें। सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के उम्मीदवार वरिष्ठ अधिवक्ता बी सुदर्शन रेड्डी को परास्त कर 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में जीत दर्ज की और एक नये इतिहास का सृजन किया है। निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी के अनुसार मतदान संसद भवन के वसुधा स्थित कमरा संख्या एफ-101 में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। यह ऐतिहासिक घटना केवल उपराष्ट्रपति पद के चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति में बदलते समीकरणों और भविष्य की दिशा का संकेत भी देती है। सी.पी. राधाकृष्णन का 17वें उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होना न केवल एनडीए और भाजपा की रणनीतिक सूझबूझ का परिणाम है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि व्यक्ति चयन की प्रक्रिया को उन्होंने केवल राजनीतिक समीकरण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें व्यापक सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को जोड़ा। एनडीए के प्रत्याशी के रूप में राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को परास्त किया, इसकी संभावनाएं पहले से व्यक्त की जा रही थी। यह जीत केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह विचारधारा, दृष्टि और नेतृत्व की जीत है। उपराष्ट्रपति पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है, जहाँ राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित सर्वोपरि हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व ने राधाकृष्णन जैसे व्यक्ति को चुनकर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति का व्यक्तित्व, नैतिकता और राष्ट्रीय दृष्टिकोण सर्वोपरि है। इस शानदार जीत के कई निहितार्थ हैं। पहला, यह भाजपा और एनडीए की राजनीतिक पकड़ और संगठनात्मक शक्ति को और मजबूत करता है। दूसरा, यह विपक्षी इंडिया गठबंधन की कमजोरियों और आंतरिक मतभेदों को उजागर करता है। तीसरा, यह भविष्य की राजनीति की उस दिशा को दशार्ता है जहाँ व्यक्तिगत ईमानदारी, सामाजिक स्वीकार्यता और राष्ट्रीय दृष्टि को अधिक महत्व मिलेगा। सी.पी. राधाकृष्णन का चयन इस मायने में भी ऐतिहासिक है कि वे राजनीति के व्यावहारिक धरातल पर काम करने वाले ऐसे नेता माने जाते हैं जिनकी पहचान केवल पार्टी तक सीमित नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में भी है। यह कदम भाजपा की उस राजनीति की भी झलक देता है जहाँ वह केवल चुनावी जीत की ओर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन सांस्कृतिक और वैचारिक स्थिरता की ओर अग्रसर है। यह कहा जा सकता है कि इस चुनाव में एक तीर से अनेक निशाने साधे गए हैं, एनडीए की शक्ति का प्रदर्शन, विपक्ष को स्पष्ट संदेश, संवैधानिक गरिमा की रक्षा, और भविष्य की राजनीति में व्यक्ति चयन की एक नई परंपरा का सूत्रपात। भारत की राजनीति में यह एक ऐसा क्षण है जिसे केवल चुनावी जीत के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की व्यापक प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए। भाजपा ने एक और तीर साधा है। जैसाकि तमिलनाडु की राजनीति परंपरागत रूप से द्रविड़ आंदोलनों और क्षेत्रीय पहचान से प्रभावित रही है, जहां पिछले कई दशकों से डीएमके और एआईएडीएमके का दबदबा रहा है। भाजपा के लिए इस राज्य में राजनीतिक जमीन तैयार करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज 4 सीटें मिलीं, जबकि एनडीए गठबंधन को कुल 66 सीटों पर सफलता हासिल हुई। यह स्पष्ट करता है कि तमिलनाडु में भाजपा की पकड़ अभी कमजोर है और उसे क्षेत्रीय भावनाओं, भाषा और संस्कृति से जुड़े सवालों पर गहरी पैठ बनाने की जरूरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर एक रणनीतिक दांव खेला है। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और उनकी पहचान को आगे रखकर भाजपा राज्य की राजनीति में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाना चाहती है। इससे भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वह तमिल अस्मिता, संस्कृति और क्षेत्रीय नेतृत्व को सम्मान देती है। राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से भाजपा को उम्मीद है कि वह आने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी उपस्थिति और प्रभाव को विस्तार दे सकेगी और द्रविड़ राजनीति के लंबे प्रभुत्व को चुनौती देने का आधार बना सकेगी। भारत का उपराष्ट्रपति पद एवं उपराष्ट्रपति मंत्रालय भारतीय लोकतंत्र की गरिमा और संतुलन का प्रतीक है। यह पद केवल औपचारिकता का केंद्र न होकर भारतीय संसद के उच्च सदन का अध्यक्ष होने के कारण संवाद, विचार और लोकतांत्रिक विमर्श की आत्मा को दिशा देता है। स्वतंत्र भारत की इस परंपरा को जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे दार्शनिक, विचारक और शिक्षाविद ने अपने व्यक्तित्व और कार्य से ऊँचाई दी, तब यह पद राष्ट्र के सांस्कृतिक, नैतिक और बौद्धिक आदर्शों का संवाहक बन गया। उनके माध्यम से यह संदेश गया कि उपराष्ट्रपति का पद केवल राजनीतिक महत्व का नहीं बल्कि राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण और विकास का भी दायित्व वहन करता है। आज एनडीए द्वारा इस परंपरा में नई ऊर्जा का संचार करते हुए प्रभावी और रचनात्मक व्यक्तित्व को उपराष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित करना भारतीय राजनीति की उज्जवल परंपरा को आगे बढ़ाने का संकेत है। यह प्रयास बताता है कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती केवल सत्ता-संघर्ष में नहीं बल्कि उच्च पदों पर ऐसे व्यक्तित्वों के चयन में निहित है जो नैतिकता, विद्वत्ता और संवेदनशीलता से लोकतंत्र की गुणवत्ता को बढ़ाएं। डॉ. राधाकृष्णन की परंपरा को स्मरण करते हुए यह आवश्यक है कि उपराष्ट्रपति संस्था निरंतर आदर्शवाद, विमर्श की गहराई और राष्ट्रीय मूल्यों की ऊर्जा का केंद्र बनी रहे। सी.पी. राधाकृष्णन का जीवन संघर्ष, साधना और निरंतर सक्रियता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। 20 अक्तूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन का विद्यार्थी जीवन खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा रहा। वे टेबल टेनिस के चैम्पियन रहे और उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर सामाजिक सेवा के मार्ग पर आगे बढ़े। सत्तर के दशक में जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी से राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले राधाकृष्णन धीरे-धीरे भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चेहरे बने। कोयंबटूर से वे 1998 और 1999 में लगातार दो बार लोकसभा सदस्य चुने गए। संसद में उनकी सक्रियता, समितियों में भागीदारी और जनता से जुड़े मुद्दों पर बेबाकी ने उन्हें एक सशक्त जननेता के रूप में पहचान दी। वर्ष 2004 से 2007 तक उन्होंने भाजपा तमिलनाडु का नेतृत्व किया और संगठन विस्तार के लिए यात्रा, आंदोलन और संवाद को प्रमुखता दी। इसके बाद कोइर बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने नारियल उद्योग और उसके निर्यात को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राधाकृष्णन की प्रशासनिक यात्रा उन्हें राज्यपाल पद तक ले गई। वे झारखंड, तेलंगाना और महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने पारदर्शिता, सौम्यता और संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य किया। उनकी छवि एक सहज, सरल और संतुलित व्यक्ति की है जो संवाद से समाधान तलाशने में विश्वास रखते हैं। जब तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ा तो इस पद पर चुनाव की आवश्यकता पड़ी। एनडीए ने सर्वसम्मति से राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने भी अपना प्रत्याशी उतारा, परंतु संख्या बल के कारण यह साफ था कि राधाकृष्णन की विजय लगभग सुनिश्चित है। कुछ क्षेत्रीय दलों ने मतदान से दूरी बना ली, जिससे समीकरण और भी सरल हो गए। राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने से राज्यसभा की कार्यवाही में संयम और संवाद की संस्कृति मजबूत होगी। उपराष्ट्रपति का दायित्व केवल औपचारिक नहीं होता, बल्कि यह संसद की गरिमा और संविधान की मयार्दा का संरक्षक भी होता है।

दक्षिण भारत से आना और ओबीसी समुदाय से होना उन्हें सामाजिक और राजनीतिक संतुलन का प्रतिनिधि बनाता है। उनका पूरा जीवन एक कर्मयोगी की तरह रहा है। उन्होंने किसी भी पद को केवल शक्ति के रूप में नहीं देखा बल्कि सेवा और कर्तव्य निभाने का अवसर माना। अब वे 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में अपना कार्यकाल प्रारंभ रहें हैं तो यह आशा की जा सकती है कि वे संसद में शांति, लोकतांत्रिक परंपराओं और संवाद के स्तर को ऊँचाई देंगे। उनका अनुभव, धैर्य और समर्पण देश की लोकतांत्रिक संरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# बिजनौर रावली तटबंध के कटान का जायजा लेने पहुंचे प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश कपिल देव अग्रवाल ने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रावली बैराज पर बने तटबंध के कटान को तत्काल रोकने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों के साथ आवश्यक प्रयास सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार के अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता हो तो तुरंत उन्हें अवगत कराएं ताकि उसकी तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार से जनहानि नहीं होनी चाहिए अतः सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ तटबंध को मजबूती के साथ निर्मित कराना सुनिश्चित कराएं। प्रभारी मंत्री जिला बिजनौर अग्रवाल 1:30 बजे गंगा बैराज शीश महल में रावली तटबंध की अध्ययन जानकारी प्राप्त करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल दो अतिरिक्त पोकलेन मशीन की व्यवस्था कर तटबंध की मरम्मत के कार्य में लगाए और किसी भी स्तर पर मरम्मत के कार्य में लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। गंगा बैराज रावली मार्ग पर बने क्षतिग्रस्त तटबंध का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्थानीय ग्रामीण के सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनका आदर व्यक्त किया और तटबंध की मरम्मत का कार्य पूर्ण होने तक सहयोग बनाए रखने का आह्वान भी किया। उन्होंने ग्राम वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन सभी नागरिकों की जानमाल की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे राष्ट्रीय मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों एवं उनके उपकरण की सहायता से यथाशीघ्र क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आश्वस्त करते हुए यह भी कहा कि उनके द्वारा जिला प्रशासन को तटबंध की मरम्मत का कार्य पूरी सजगता एवं तत्परता के साथ अपनी निगरानी में पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर विधायक बिजनौर सूचि चौधरी, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह एवं वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# फादरसन पब्लिक स्कूल मे सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित नेप 2020 क्षमता निर्माण कार्यक्रम कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और शिक्षकों को नई शिक्षा नीति ( नेप 2020 ) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे। राहुल चावला ( एसएस चिल्ड्रन एकेडमी मुरादाबाद), 2 अश्विनी कुमार शर्मा ( प्रिंसिपल फ्यूचर एकेडमी शिवाला कला), दोनों ही विद्वान वक्ताओं ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के उद्देश्य, उसकी विशेषताओं और छात्र-केंद्रित शिक्षा पद्धति पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने दोनों वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से विद्यालय परिवार को नई दिशा और प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर फादरसन पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी बताया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# बिजनौर में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रेष शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय राष्ट्रीय एवं माननीय उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निदेशों के अनुपानल में जनपद बिजनौर में 13 सितंबर, 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके भव्य प्रचार-प्रसार के लिए 9 सितंबर को प्रातः 10 बजे जजी परिसर, बिजनौर से जनपद के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार वाहानों को जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर संजय कुमार नोडल ऑफिसर लोक अदालत अवेधश कुमार, सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अन्य न्यायिक अधिकारीगण व चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, बिजनौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# टीएससीटी पदाधिकारियों ने नवागत बीईओ का किया स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) के पदाधिकारियों ने मंगलवार को ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा के नए खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर, पेन-डायरी और विचार क्रांति पत्रिका भेंट कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

इस दौरान टीएससीटी के पदाधिकारियों ने बीईओ को संस्था के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। संस्था के लाखों सदस्य हैं और उनकी ओर से दी गई राशि से एक परिवार को लगभग 50 लाख रुपये तक की मदद मिलती है।

बीईओ मोहित कुमार ने टीएससीटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह शिक्षक समुदाय के लिए एक अनुकरणीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि टीएससीटी लगातार शिक्षकों और उनके परिवारों की मदद कर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वागत करने वालों में जिला सह-संयोजक व ब्लॉक प्रभारी प्रदीप कुमार, ब्लॉक संयोजक धर्मपाल सिंह, ब्लॉक आईटी प्रभारी मौ. आरिफ, पूर्व एआरपी व ब्लॉक सह-संयोजक मोहम्मद अनीस और ब्लॉक कन्या दान प्रभारी शाजिया अहसन विशेष रूप से शामिल रहे।

# बाबूराम तोमर ने रावली में बंदे के कटान क्षेत्र का दौरा करा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने रावली में बंदे के कटान क्षेत्र का दौरा करते हुए कहां कि क्षेत्रीय किसानों द्वारा गंगा जी धार से बंदे के कटान की सूचना सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को कई बार देने के बाबजूद प्रशासन के कटान रोकने के लिए शीघ्र प्रभावी कदम न उठाने की लापरवाही से बिजनौर शहर सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ के कारण किसानों की फसले तबाह होने के कगार पर है जबकि बालावाली से लेकर बैराज गंगा क्षेत्र तक सरकार द्वारा बाढ़ से बचाने के पुख्ता इंतजाम करने के लिए 65 करोड़ रुपए भी आए हुए है फिर भी किसान और मजदूरों को बाढ़ के मुंह में धकेलना और पूरे बंदे के ध्वस्त हो जाने के बाद भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारीयो द्वारा पत्थरों को लोहे के जाल में फंसाकर बंदे पर लगाने की जगह मिट्टी और रेत के कट्टों का इस्तेमाल करना घोर उदासीनता है अगर सरकार बंदे के मरम्मत कार्य में तेजी लाकर ऐसे उदासीन अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन नहीं लेती तो भाकियू उदासीन अधिकारियों के खिलाफ खुद मोर्चा खोलते हुए जन आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने बंदे को बचाने के लिए त्वरित पत्थरों के ट्रैकों को मांगकर बंदे की मरम्मत कार्य में पत्थरों से तेजी लाने की मांग की।

# जनजातीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** क्षेत्रीय निदेशालय के आदेश के अनुपालन में स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ एवं डॉ उदिता राजपूत के निर्देशन में छात्र एवं छात्रा इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर में कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं के द्वारा जागरूकता संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में जनजातियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने कार्यक्रम में जनजातीय लोगों के जीवन की कठिनाइयों और विषम परिस्थितियों के विषय में अपने विचार रखें तथा उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डॉ संतोष देवी, डॉ मीनाक्षी चौहान , सनी कुमार, मोहम्मद सलीम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ उदिता राजपूत ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# नजीबाबाद में लावारिस वाहनों की नीलामी, 46 हजार में बिके पांच वाहन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नजीबाबाद।** मा० न्यायालय के आदेश पर सोमवार को थाना मंडावली परिसर में लावारिस वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। नीलामी कार्यवाही उपजिलाधिकारी नजीबाबाद एवं क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद की मौजूदगी में संपन्न हुई। थाने पर खड़े कुल पाँच लावारिस वाहन दो टाटा मैजिक और तीन मोटरसाइकिल जिनका अनुमानित मूल्य 36,500 रुपये था, नीलामी के लिए रखे गए। नीलामी में कुल नौ बोलीदाता सम्मिलित हुए। इस दौरान सर्वोच्च बोली 46,000 रुपये की लगाई गई, जो सुल्तान अहमद पुत्र अब्दुल हफीज निवासी मौहल्ला जाफ्तागंज थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर द्वारा की गई। तय प्रक्रिया के अनुसार वाहनों को उनके पक्ष में नीलाम कर दिया गया। पूरी कार्यवाही उपजिलाधिकारी नजीबाबाद, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद और थाना मंडावली प्रभारी मय पुलिस टीम की निगरानी में संपन्न कराई गई। अधिकारियों की मौजूदगी से नीलामी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रही।

# चोरी की बाइक समेत शातिर चोर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** थाना कोतवाली शहर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम बुढ़नपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र राधेश्याम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 05 सितम्बर 2025 को उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की जांच के दौरान ग्राम मुबारकपुर तालान निवासी अरुण पुत्र मुनेश्वर सिंह का नाम सामने आया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए 08 सितम्बर 2025 को अभियुक्त अरुण को चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और आगे की आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता अरुण पुत्र मुनेश्वर सिंह निवासी ग्राम मुबारकपुर तालान थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर।

# नजीबाबाद में स्मार्ट मीटर के खिलाफ भाकियू अल्ला बोला

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद के अजमल खां रोड स्थित विद्युत कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रधान की अगुवाई में स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।

धरने की अध्यक्षता दलवीर चौधरी ने की जबकि संचालन रामोद कुमार ने किया। इस दौरान एक्शन रामकुमार और एसडीओ के साथ भाकियू पदाधिकारियों की लंबी वार्ता भी हुई, लेकिन वार्ता असफल रही। भाकियू कार्यकताओं ने साफ चेतावनी दी कि किसी भी हालत में स्मार्ट मीटर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

उनका आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं पर भारी-भरकम बिजली बिलों का बोझ डाला जा रहा है, जिससे किसान और आम जनता दोनों परेशान हैं। यूनियन नेताओं ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की जनता से अपील की कि कोई भी अपने घरों पर स्मार्ट मीटर न लगने दे और आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में धरने में शामिल हो। धरना-प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी, प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार, प्रदेश सचिव डॉ. जयपाल सिंह, प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राठी, यशपाल राठी, जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनकड़, नगर अध्यक्ष मोहम्मद फैसल, मोहम्मद आमिल, अजीत प्रताप, शकील अहमद, मोहम्मद फहीम, रईस अहमद, श्रीमती भारती, मोहम्मद शहजाद, मेहताब, राजू सिद्दीकी, गुल मोहम्मद, श्रीमती रजिया सुल्तान, अफसरी, समीना, नसरीन, नूरजहां, समीम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और उपभोक्ता मौजूद रहे।



# सामान्य निकाय की बैठक गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना गन्ना समिति प्रांगण में सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे डेलीगेट संचालक मंडल के सदस्यों किसनो गन्ना समिति से जुड़े मिल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया किसानों ने विभिन्न प्रस्ताव बैठक में रखें जिन पर विचार विमर्श किया गया। मंगलवार की दोपहर गन्ना समिति प्रांगण में आयोजित सामान्य निकाय की बैठक में द्वारिकेश शुगर मिल, धामपुर शुगर मिल स योहरा शुगर मिल व अफजलगढ़ शुगर मिल के गन्ना अधिकारियों ने अपनी-अपनी मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को कीटनाशक दवाइयां ट्राइकोडर्मा गन्ने के बीज लगभग 50% अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तथा अक्टूबर में होने वाली बुवाई के लिए भी गन्ना बीज की नई प्रजातियों का प्रबंध किया जा रहा है। किसानों को कृषि यंत्र भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याएं जैसे घाटतोली, गन्ना सेंटर पर भीड़भाड़ तथा क्षेत्र में खड़ी सभी वैरायटी को खरीदने संबंधी विभिन्न प्रस्ताव बैठक में दिए । किसान प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि पिछले 2 वर्षों से किसान संकट में है। और क्षेत्र में अभी तक कोई भी ऐसी गन्ना वैरायटी नहीं है जो किसान व मिल को संतुष्ट कर सके।

# मेरठ जिला अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मची अफरातफरी

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



**मेरठ।** सोमवार को जिला अस्पताल में अचानक लगी आग ने मरीजों, परिजनों और स्टाफ में हड़कंप मचा दिया। बताया जा रहा है कि ए सी मे शॉर्ट सर्किट होने के कारण अचानक लपटें उठीं और देखते ही देखते धुएं का गुबार फैल गया। हालात ऐसे बने कि वार्डों और गलियारों में अफरातफरी मच गई। चीख-पुकार सुनाई देने लगी और लोग भागकर इधर-उधर छिपने लगे। महिला मरीज किसी तरह जान बचाकर अस्पताल से बाहर निकलीं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि आग लगने के बावजूद अस्पताल का फायर अलार्म एक बार भी नहीं बजा, जिससे सुरक्षा इंतजामों की पोल खुल गई। जिस वक्त यह हादसा हुआ, उसी दौरान लेबर रूम में डिलीवरी चल रही थी। वहां मौजूद स्टाफ और मरीजों की सांसें अटक गईं। लोग डर के साए में लगातार बाहर निकलने का रास्ता तलाशते रहे।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत यह रही कि समय रहते हालात काबू में आ गए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन और जिला स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मरीजों और परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम हैं और न ही कोई आपातकालीन व्यवस्था सही तरीके से काम करती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर इस तरह की लापरवाही किसी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस घटना से सबक लेकर कितनी सख्ती से जिम्मेदारों पर कार्रवाई करता है और सुरक्षा मानकों को कितना मजबूत बनाता है।

## एक कुख्यात अपराधी को 6 माह के लिए जनपद से किया गया जिला बदर

**बुलंदशहर।** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत विक्की उर्फ साजन पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम भटौना थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर के द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण क्षेत्र में गुंडागर्दी के बल पर अपराधिक एवं समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त होने के संबंध में थाना गुलावठी पर विभिन्न अभियोग पंजीकृत हुए है। विपक्षी के अपराधिक कृत्यो से जनता में भय आतंक व्याप्त है जिसके कारण क्षेत्र की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है तथा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इसके विरुद्ध गवाही देने और रिपोर्ट लिखाने की हिम्मत नहीं करता है।

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगों को 20 हजार रुपये का घूसलेते हुए रंगे हाथ पकड़ा

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** तहसील इटवा में तैनात राजस्व निरीक्षक भोलानाथ चौधरी को बस्ती की विजिलेंस टीम ने 20 हजार रुपये लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया और अपने साथ ले गई। इटवा तहसील गेट से मंगलवार शाम करीब 6:15 बजे कानूनगो की गिरफ्तारी की सूचना फैलते ही तहसील और आसपास अफरा-तफरी मच गई। खबर लिखे जाने तक उसे किसी थाने में नहीं दाखिल कराया गया था।

जिले के बर्डपुर नंबर सात के टोला मजिगवां निवासी राजस्व निरीक्षक भोलानाथ चौधरी लेखपाल से प्रोन्नत होकर कानूनगो के तौर पर दो वर्ष पूर्व इटवा तहसील में तैनात हुए थे। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत इटवा के पकड़ी शुक्ल निवासी धनीराम प्रजापति दो माह से गांव में के खेत के नक्शा दुरुस्ती कराने के लिए परेशान थे। इसकी रिपोर्ट लगाने के लिए राजस्व कानूनगो 50 हजार रुपये मांग रहा था। रुपये देने पर काम करने की बात तय हुई थी। इसमें आधी धनराशि पहले और आधी काम होने के बाद दी जानी थी। इसके लिए शुरूआती रकम पांच हजार रुपये धनीराम प्रजापति ने दे दी थी। शेष 20 हजार रुपये बस्ती की विजिलेंस टीम को सूचित करके मंगलवार दोपहर बाद देने आया था। इटवा तहसील के मुख्य गेट के दक्षिण और सड़क पर बने गेट के उत्तर की तरफ कानून गो को घूस की रकम देने के लिए पीड़ित पहुंचा। जब उसे रकम दी जाने लगी तो इस बीच विजिलेंस टीम वहां पहुंच गई और रंगे हाथों पकड़कर उसे अपने साथ ले गई। इटवा तहसील में राजस्वकर्मियों के घूस लेते हुए गिरफ्तारी का यह दूसरा मामला है। बता दें कि दो माह पूर्व भी इटवा तहसील गेट से ही एक कानूनगो को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।

# झारखंड सरकार में मंत्री संजय यादव विधायक सुरेश पासवान से मुलाकात करने अस्पताल पहुंचे



वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी

**नई दिल्ली।** झारखंड सरकार में उद्योग श्रम मंत्री सह गोड्डा विधायक संजय यादव मंगलवार को दिल्ली पहुंचे जहां देवघर विधानसभा के राजद विधायक सुरेश पासवान से मुलाकात करने दिल्ली के मैक्स अस्पताल पहुंचकर उनका स्वस्थ की जानकारी ली। विधायक सुरेश पासवान इन दिनों अपने खराब स्वस्थ जूझ रहे है हालत गंभीर को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को विधायक के सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपने अस्वस्थ की जानकारी दी तो पूरे देवघर विधानसभा क्षेत्र सहित झारखंड सरकार के कई विधायकों और मंत्री ने सुरेश पासवान के परिवार वालों को कॉन्टैक्ट करके उनका हाल चाल जाना। कुछ दिन पहले भी मधुपुर के विधायक और झारखंड सरकार में मंत्री हाफिजुल हसन भी की स्वस्थ खराब होने पर उन्हें दिल्ली लाया गया जहां मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गोड्डा विधायक मंत्री संजय यादव ने कहा देवघर विधायक सुरेश पासवान जी के स्वस्थ में सुधार आ रहा है इस हालात मुश्किल समय में झारखंड सरकार और राजद के पूरे परिवार सुरेश पासवान के साथ खड़े है । वही विधायक ने मंत्री संजय यादव का धन्यवाद किया।

# बियर पी रहे दो युवकों में चखना को लेकर विवाद, एक ने दूसरे के सिर पर मारी बोतल

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के बांसी स्टैण्ड के पास सोमवार रात एक विचित्र घटना सामने आयीं है। बियर की दुकान पर दो युवकों के बीच नमकीन (चखना) को लेकर हुआ विवाद हिंसक रूप ले लिया। घटना सोमवार रात 9:30 बजे की है। पुरानी नौगढ़डीह के नौशाद उर्फ गबन और कृष्णानगर मोहल्ले के नईम दुकान पर बियर पी रहे थे। नौशाद ने नईम से नमकीन मांगी। नईम के मना करने पर नौशाद ने गुस्से में अपने हाथ में पकड़ी बियर की बोतल नईम के सिर पर दे मारी। बोतल लगते ही नईम लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरन्त उसे मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया। डॉक्टरों ने नईम के सिर पर टांके लगायें। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति स्थिर बतायी गयी है। कोतवाली सिद्धार्थनगर के प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिलने पर आरोपी नौशाद के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि दोनों युवक नशे में थे। नशे की हालत में मामूली विवाद हिंसक रूप ले गया। स्थानीय लोगों में यह घटना चर्चा का विषय बन गई है। कुछ लोग इसे सिद्धार्थनगर की अब तक की सबसे महंगी नमकीन बता रहे हैं।

# पुलिस आयुक्त के आदेश पर 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** पुलिस आयुक्त के आदेश पर मिजार्मुराद पुलिस ने सोमवार की रात मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रामसिंहपुर गांव निवासी सत्यनारायण गुप्ता के तहरीर पर रामसिंहपुर (मिजार्मुराद) गांव निवासी मन्नू लाल, संजना उर्फ खुशी, साक्षी, रितिका, पीहू, बिरजू उर्फ अनिल, गंगू उर्फ विजय, घूरेलाल, राधेश्याम व मधु के खिलाफ बी.एन.एस की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(2), 125 व 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।उक्त घटना बीते 17 अगस्त की बताई गई।पीड़ित सत्यनारायण गुप्ता ने पुलिस आयुक्त के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताए कि बीते 17 अगस्त को में कछवांरोड अपने दुकान पर था मेरी पत्नी मीना गुप्ता ने फोन कर के बताया कि पड़ोस के लोग पुत्री को मारने की धमकी दे रहे है जब में घर पहुंचा तो देखा मेरी नाबालिग पुत्री रश्मि को सभी लोग मार पीट रहे मना करने पर हमें और हमारी पत्नी मीना गुप्ता को भी मारने पीटने लगे बीच बचाव करने आए मेरे भाई राजनारायण व उसकी पत्नी शकुंतला देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिये व मेरा चश्मा तोड़ दिये।

घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को देने के साथ ही थाने पहुंच प्रार्थना पत्र दिया पुलिस दवा इलाज करवाकर मेडिकल हेतु भेज दी।लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी मेरा मुकदमा नही लिखा गया।जबकि मारपीट का वीडियो भी पुलिस को दिखाया गया था।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

## सशक्त-समृद्ध-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश हेतु संवाद कार्यक्रम आयोजित

**बुलंदशहर।** विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प @2047 अभियान के अंतर्गत जनपद में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजन—सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनंत कुमार (चन्द्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय कानपुर) एवं सेवानिवृत्त भारतीय रेल सेवा अधिकारी श्री विजय कुमार दत्त—ने जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ जनपद के प्रतिष्ठित उद्यमियों, व्यवसायियों एवं बुद्धिजीवियों से संवाद किया। इनमें आईआईए सिकन्द्राबाद के अध्यक्ष नितिन जैन, आर.वी. वर्मा, रवि राणा, संजय गुप्ता, एस.पी. दादू, रजत, अशोक राय, अनिल अग्रवाल एवं विकास कौशिक प्रमुख रहे।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 02 शातिर चोरो को ग्राम ताजपुर के पास से चोरी किये गये 04 ट्रक के टायर, 04 रिंम व 01 अवैध चाकू सहित जतन सिंह उर्फ भोला पुत्र जोगेन्द्र निवासी ग्राम चिमावली थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर अर्जुन पुत्र उदयवीर सिंह निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअसं- 652/25 धारा 303(2) बीएनएस मे धारा 317(2) बीएनएस व 4/25 शस्त्र अधि0 की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# थाना शालीमार बाग द्वारा 02 लूट एवं झपटमारी के मामले सुलझाए गए, लूटे गए मोबाइल फोन बरामद

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट डिस्टिक थाना शालीमार बाग की पुलिस टीम ने 02 शातिर लुटेरे व झपटमारों को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाए गए, जो पूर्व में 32 आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। अभियुक्त अनिल और हिमांशु क्रमशः थाना शालीमार बाग एवं थाना भलस्वा डेयरी के बदमाश (इउ२) घोषित हैं।

दोनों ने आसान धन कमाने की लालच में अपराध करना शुरू किया। थाना शालीमार बाग की टीम ने 02 शातिर लुटेरे/झपटमार अनिल @ मोनू पुत्र रामचन्दर, शालीमार गांव, दिल्ली, आयु-35 वर्ष तथा हिमांशु @ चिनू पुत्र समय सिंह, नानक देव नगर, दिल्ली, आयु-32 वर्ष को गिरफ्तार कर 02 लूट एवं झपटमारी के मामलों का सफलतापूर्वक समाधान किया। उनके कब्जे से दोनों शिकायतकताओं के छीने/लूटे गए मोबाइल फोन बरामद हुए। जाँच से पता चला कि दोनों अभियुक्त आदतन अपराधी हैं और अब तक 32 मामलों में शामिल रहे हैं। साथ ही अनिल व हिमांशु क्रमशः थाना शालीमार बाग और थाना भलस्वा डेयरी के इउ२ घोषित हैं। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने आसान धन कमाने की नीयत से अपराध करना शुरू किया।

संक्षिप्त तथ्य एवं घटनाक्रम :-

दिनांक 07.09.2025 को थाना शालीमार बाग में दो मामले दर्ज किए गए – लूट का मामला ऋकफ संख्या 508/2025, दिनांक 07.09.2025, धारा 309(4)/309(6)/317(2)/3(5) इठर तथा झपटमारी का मामला ऋकफ संख्या 511/2025, दिनांक 07.09.2025, धारा 304(2)/3(5) इठर के तहत। दोनों मामलों की जांच शुरू की गई।

मामलों की गंभीरता को देखते हुए एक समर्पित टीम इंस्पेक्टर रामपाल सिंह रल्ढ/थाना शालीमार बाग के नेतृत्व में गठित की गई, जिसमें रक अनिल, रक अभय, ऌउ कुलदीप सिंह एवं उ३. भागीरथ शामिल थे। टीम का मार्गदर्शन श्री राजबीर लांबा, अउढ/शालीमार बाग द्वारा किया गया।

टीम ने तत्काल जांच शुरू की और घटनास्थल एवं आसपास लगे उउळश फुटेज को खंगाला, जिससे अभियुक्तों की पहचान हो सकी। विश्लेषण से पता चला कि दोनों घटनाएं एक ही अभियुक्तों द्वारा की गई थीं। स्थानीय सूत्रों को सक्रिय किया गया तथा संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई। लगातार प्रयासों के बाद टीम ने दोनों संदिग्धों को चिन्हित किया और सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 02 छीने/लूटे गए मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# गोली मारे की शिकायत निकली झूठी अपने ही अवैध तमंचे से घायल हुआ था शिकायती

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** मानधाता थानान्तर्गत गाव पितईपुर में बकुलाही नदी किनारे तमंचा खोलने के प्रयास में चली गोली से युवक खुद ही घायल हो गया था। उसके परिजनों की ओर से अज्ञात हमलावरों पर दर्ज कराई गई गोली मारने की रिपोर्ट फर्जी निकली।

पुलिस ने पूछताछ के बाद घायल की निशानदेही पर तमंचा बरामद करने के बाद उसे जेल भेज दिया। पितईपुर निवासी मोहम्मद गुलशाद का 24 वर्षीय बेटा साहिल 4 सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के पास से गुजरी बकुलाही नदी किनारे गया था। वहां वह जांघ में गोली लगने से घायल हो गया। परिजनों को बताया कि बाइक से आए दो लोग उसे गोली मारकर भाग निकले।

साहिल के चाचा ने मामले में अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया था। एएसपी पूर्वी शैलेंद्रलाल ने मंगलवार को पुलिस लाइन के सई कॉम्प्लेक्स में पत्रकारों को बताया कि मामले की जांच कर रहे थाने के एसआई मृत्युंजय पांडेय गोली मारने के कोई साक्ष्य नहीं मिले। घायल के हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद पूछताछ की तो वह सवालों में फंस गया। बताया कि वह अपने पास मौजूद 315 बोर का तमंचा खोलने का प्रयास कर रहा था। तभी गोली चली और उसकी जांघ में लग गई। घटना के बाद उसने तमंचा झाड़ियों में फेंक दिया और झूठी कहानी बनाकर पुलिस को गुमराह किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तमंचा बरामद कर साहिल को बी एन एस की धारा 217 ए तथा आर्म्स एक्ट के सलाखो के पीछे भेज दिया गया।

# नगर पालिका व पुलिस बल की मौजूदगी में मन्दिर के सामने नाला निर्माण कार्य शुरू

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर। शहर के पुरानी नौगढ़ में मुख्य मार्ग किनारे हो रहे नाला निर्माण के तहत मंगलवार को हनुमान मंदिर के सामने अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किया गया।शहर के पुरानी नौगढ़ से बर्डपुर को जाने वाली रोड पर बारिश के दिनों में या अन्य दिनों में जल जमाव के कारण सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण नगर पालिका सिद्धार्थनगर द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को हनुमान मंदिर के सामने प्रस्तावित नाला को हनुमान मंदिर समिति द्वारा पूर्व में प्रशासन से किये गए समझौते से मुकर जाने के कारण प्रशासन द्वारा मंदिर के सामने नाले का निर्माण नगर पालिका व पुलिस बल की सहयता से कराया गया।

जिसमे किसी भी प्रकार क्षेत्रीय जनता द्वारा ऐसे कोई विरोध नहीं किया गया। नाला निर्माण के पूर्व मंदिर के संपत्तियों को सम्मान जनक ढंग से मंदिर के प्रांगण में रख दिया गया । मंदिर के परिसंपत्तियों को किसी भी प्रकार का कोई क्षति नहीं पहुंचाया गया है। नाले का निर्माण पीडब्ल्यूडी के सड़क की पटरी की भूमि पर कराया गया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य के नेतृत्व में तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी, विश्वजीत सौरयान (आईपीएस) सीओ सदर, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शीतल, लल्लू प्रसाद व नगरपालिका इओ अजय सिंह व भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ तहसील नौगढ़ की राजस्व टीम मौजूद रही।

## कश्मीर में मुठभेड़ के दौरान बुलंदशहर का लाल प्रभात गौड़ शहीद, गांव में गम का माहौल

**बुलंदशहर/नरसेना।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार को आतंकियों से हुई मुठभेड़ में बुलंदशहर जनपद का वीर सपूत प्रभात गौड़ शहीद हो गया। शहादत की खबर मिलते ही गांव पाली आनंदगढ़ी में मातम छा गया। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचेगा, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। नरसेना थाना क्षेत्र के गांव पाली आनंदगढ़ी निवासी 46 वर्षीय प्रभात गौड़ पुत्र सत्य प्रकाश गौड़ सेना की पैरा कमांडो यूनिट में जेसीओ पद पर तैनात थे। श्रीनगर में आतंकियों से हुई मुठभेड़ के दौरान उन्हें गोली लग गई थी। गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने प्राण न्यौछावर कर दिए।

# 50 शैय्यायुक्त संयुक्त नवनिर्मित चिकित्सालय में अव्यवस्था चरम पर, अल्ट्रासाउण्ड और एक्स-रे मशीनें फांक रही धूल

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी




**बांसी/सिद्धार्थनगर।** जिले के नगर पालिका परिषद बांसी स्थित 50 शैय्यायुक्त नवनिर्मित संयुक्त चिकित्सालय में अव्यवस्था चरम पर है। करोड़ों की लागत से बने इस अस्पताल से क्षेत्र के हजारों मरीजों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अल्ट्रासाउण्ड और एक्स-रे मशीनें महीनों से धूल फांक रही हैं। मरीजों को आज भी निजी अस्पतालों और बाहर की लैब का सहारा लेना पड़ रहा है। सूत्रों का दावा डॉक्टर घर बैठे तनख्वाह ले रहे हैं।

अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में तैनात कुछ डॉक्टर घर बैठे ही वेतन उठा रहे हैं, जबकि मरीजों की देखभाल के लिए अस्पताल में मौजूद रहना चाहिए।इस लापरवाही का खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। नवनिर्मित भवन, ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर सुविधाएं कागजों तक सीमित अस्पताल के नवनिर्मित भवन में ओपीडी सेवाएं तो संचालित हैं और ऑपरेशन थिएटर की सुविधा भी मौजूद है, लेकिन अल्ट्रासाउण्ड और डिजिटल एक्स-रे मशीनें अब तक चालू नहीं हो पायी हैं। इस कारण मरीजों को जांच के लिए बाहर भेजा जाता है। वहीं अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ, बेहोशी विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूत रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति अब तक नहीं हुई है।

गर्भवती महिलाओं और गम्भीर मरीजों को उचित इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे गरीब तबके के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। हालांकि अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन मशीनों के बन्द होने और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण इलाज अधूरा रह जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल की इस बदहाल व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तुरन्त संज्ञान लेना चाहिए। कई बार शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

वहीं क्षेत्रीय जनता ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अल्ट्रासाउण्ड और एक्स-रे मशीनों को तत्काल चालू कराया जायें, साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जायें ताकि बांसी और आस-पास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# सभी नागरिकों की सहभागिता से तैयार किया जा रहा है विकसित उत्तर प्रदेश @2047 का रोडमैप

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के तहत संस्कृति यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम का हुआ संपन्न। कार्यक्रम में से०नि० विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र आगरा श्री अरूणोदय बाजपेयी जी, से०नि० मुख्य कार्यकारी अभियन्ता सिविल श्री कुलदीप कुमार जी एवं सह० निदेशक / सह० प्राध्यापक सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविधालय मेरठ डा0 विपिन कुमार जी प्रबुद्धजन के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष संवाद एवं विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं मीडिया बंधुओं के साथ संवाद कर उनके विचार संकलित किए गए।

से०नि० विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र आगरा श्री अरूणोदय बाजपेयी जी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों से यह जानना है कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश का विजन कैसा होना चाहिए। इसी आधार पर शासन ने प्रबुद्धजनों को जिले में भेजा है ताकि हर वर्ग से सुझाव प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सुझाव आना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1947 में प्रदेश की स्थिति क्या थी और आज क्या है, यह सबके सामने है। जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष 2047 मनाएगा, तब तक प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाना हमारा साझा लक्ष्य है।

सह० निदेशक / सह० प्राध्यापक सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविधालय मेरठ डा0 विपिन कुमार जी ने जनता से निस्संकोच अपने सुझाव देने की अपील की और बताया कि जो सुझाव विशेष रूप से उपयोगी पाए जाएंगे, उन्हे माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा ।से०नि० मुख्य कार्यकारी अभियन्ता सिविल श्री कुलदीप कुमार जी ने कहा कि प्रदेश अगले 22 वर्षों में कैसे विकसित हो, इसका उत्तर अब नागरिकों के सुझावों से मिलेगा। उन्होंने प्रतिभागियों को अभियान की प्रक्रिया, महत्व और पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया। प्रतिभागियों ने कृषि और गन्ना उत्पादन, औद्योगिक और उद्यमशीलता विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण और तकनीकी नवाचार जैसे क्षेत्रों से जुड़े सुझाव साझा किए।

## बागेश्वर में आत्मनिर्भरता की नई उड़ान से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूएसआरएलएम) के तहत बागेश्वर में महिला सशक्तिकरण और पलायन रोकथाम की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी ने एझ4 शीट बनाने वाली मशीन का शुभारंभ किया। सीडीओ तिवारी ने मशीन का उदघाटन करते हुए कहा कि इस पहल से महिलाओं को सीधा रोजगार मिलेगा और विभागीय कार्यालयों को उच्च गुणवत्ता वाला कागज स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी दफ्तरों में प्रयुक्त कागज की खरीद में सबसे पहले प्राथमिकता समूहों को ही दी जाएगी ।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में महिलाओं को समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन योजनाएं संचालित कर रही है।

# अवैध गैस सिलेण्डर की सप्लाई करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार,137 सिलेण्डर बरामद



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ देहात उप निरीक्षक मनीष बालियान पुलिस एवं पूर्ति विभाग हापुड़ की टीम निरीक्षक प्रीती व कमलेश कुमार झा की संयुक्त टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान गाजियाबाद की तरफ से हापुड़ की तरफ आ रहे दो छोटे हाथी गाड़ी को रोककर जांच के दौरान दौरान अवैध गैस सिलेण्डर की सप्लाई करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 137 अवैध गैस सिलेण्डर व घटना में प्रयुक्त 2 छोटा हाथी गाडी बरामद की है। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त वाहन चेकिंग के दौरान दोनों छोटी गाड़ी एक छोटा हाथी डीएल 01 एलजी 9702 मे कुल 64 खाली सिलेंड व दूसरे छोटा हाथी डीएल 01 एजी 1236 मे कुल 73 सिलेंडर टोटल कुल मिलाकर 137 खाली सिलेंडर भारत और इण्डेन कंपनी के अवैध सिलेंडर पाए गए हैं। जिनके चालक रामप्रवेश पुत्र लटूरी सिंह निवासी गली नं0 5 भगत विहार करावल नगर दिल्ली व रामगोपाल पुत्र डोरीलाल निवासी मौहल्ला खोडा कॉलोनी थाना खोड़ा जनपद गाजियाबाद द्वारा गैस सिलेंडर परिवहन के कोई वैध प्रपत्र नहीं पाये गए। बरामद 137 सिलेंडरों के प्रपत्रों के विषय मे गहनता से जाँच कर विधिक कार्यवाही पूर्ति विभाग द्वारा की गई तथा बरामदे गैस सिलेंडरो व वाहनों को नियमानुसार पूर्ति विभाग द्वारा कब्जे मे लेकर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# हिताचार्य पीठ में मनाया राधा जू का दषोठन महोत्सव



**मथुरा।** वंशी अवतार हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम में मंगलवार के दिन वृषभानु दुलारी राधा रानी का दषोठन महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पिछले कई दिनों से चल रहा जन्म बधाई उत्सव प्रिया जू के दषोठन महोत्सव के साथ संपन्न हुआ। खेलन मुखिया ने समाज गायन एवं बधाई गायन किया। हिताचार्य पीठ के महंत दम्पति शरण महाराज ने दषोठन महोत्सव में भक्तों को खूब बधाईयाँ लुटाई। इस मौके पर महंत दम्पति शरण महाराज ने बताया कि हिताचार्य पीठ में राधा रानी का जन्मोत्सव महोत्सव एवं छठी महोत्सव बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया है। मंगलवार के दिन प्रिया जू का दषोठन महोत्सव बधाई गायन एवं उपहार लुटाकर मनाया गया है। हिताचार्य पीठ रसिकाचार्य हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि है, यहां नित्य विहार की लीलाएं एवं उत्सव मनाए जाते रहते हैं। इस मौके पर गोपाल पुजारी, ब्रजेश पुजारी, मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह तरकर सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# चप्पल बदलने गए होमगार्ड को हिस्ट्रीशीटर ने लोहे की रॉड से पीटा

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना सीबीगंज के खलीलपुर रोड पर जूता चप्पल की दुकान चल रहे हिस्ट्रीशीटर रवि गुप्ता ने मंगलवार को चप्पल बदलने आए एक होमगार्ड पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से होमगार्ड लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। होमगार्ड की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज क्षेत्र के ग्राम पस्तोर निवासी होमगार्ड नरेश पाल सिंह ने बताया है कि उन्होंने सोमवार को रवि गुप्ता की दुकान से चप्पल खरीदी थी। मंगलवार को वह उसे बदलने दुकान पर पहुंचे तो दुकान मालिक हिस्ट्रीशीटर रवि गुप्ता आग-बबूला हो गया। आरोप है कि उसने गंदी-गंदी गालियां देते हुए लोहे की रॉड उठा ली और ताबड़तोड़ वार करने लगा। नरेश पाल का कहना है कि हमले के दौरान रवि गुप्ता के साथ दो अन्य लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें बुरी तरह पीटा। मारपीट से घायल होमगार्ड लहूलुहान हो गया।

वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक, रवि गुप्ता थाना सीबीगंज का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है और उसके आतंक से क्षेत्रवासी खौफजदा रहते हैं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सीबीगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने इस घटना को लेकर कहा है कि होमगार्ड पर हमले की शिकायत मिली है। घायल को अस्पताल भेजा गया है। मामले की तफ्तीश की जा रही है।

# बस व कैंटर की जोरदार भिड़ंत में चाचा भतीजे की हुई दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर.(गुलावठी)।** आजकल वाहन चालक अपने वाहनों को इतनी तेज रफ्तार से दौड़ाते है कि वह अनियंत्रित हो जाते है और उनको अपना वाहन नियंत्रण करना उन्ही को भारी पड़ जाता है और टक्कर मार कर एक्सीडेंट कर बैठते है जिसमें किसी ना किसी की जान चली जाती है और बाद में उनके परिजन रोते बिलकते रह जाते है।

एक मामला थाना गुलावठी क्षेत्र के एन0एच- 34 के बराल चौकी क्षेत्र का सामने आया है। इस क्षेत्र में डगगेमार बस व केंटर की जोरदार टक्कर की चपेट में आने से चाचा-भतीजे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के परिजन मोहम्मद हारिस ने बताया है कि बराल चौकी के पास एन0एच 34 पर चाचा भतीजे बस के इंतजार में खड़े थे जैसे ही बस आकर रुकी वैसै ही पीछे से आ रहा तेज रफ्तार अनियंत्रित केंटर ने बस को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें चाचा भतीजे चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी।

सूचना पर मृतकों के परिजन व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गयी और दोंनो के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मृतकों के नाम लुकमान व फरहान गांव माहोली थाना गुलावठी के बताए जा रहे है।

इस दर्दनाक हादसे में हुई मौतों की खबर से परिजनों में मातम छा गया। परिजनों का रोरो कर बुरा हाल।

## ब्राइडल ड्रीम मिसेज क्वीन प्रतियोगिता में मंतशा प्रथम

**झाँसी।** अमर उजाला द्वारा मां तुझे प्रणाम के तले आयोजित ब्राइडल ड्रीम मिसेज क्वीन प्रतियोगिता में संघर्ष सेवा समिति की सदस्य मंतशा कुरैशी ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 16 महिलाएं फाइनल तक पहुंची थीं तीन अलग-अलग राउंड में फाइनल में पहुंची महिलाओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई आखिरी में मंतसा कुरैशी ताज जीतने में कामयाब रहीं। यह सम्मान प्राप्त करने पर उन्हें संघर्ष सेवा समिति कार्यालय आमंत्रित किया गया जहां डॉक्टर संदीप द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत तथा प्रशस्ति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। मंतशा को सम्मानित करते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा ब्राइडल ड्रीम मिसेज क्वीन प्रतियोगिता में आपकी जीत के पीछे प्रतिभा, आत्मविश्वास और सौम्यता का विशेष योगदान है हम कामना करते हैं कि आप यूँ ही नए मुकाम हासिल करें और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनें।

# नेपाल में शांति के लिए साधू संतों ने की पूजा अर्चना



**मथुरा।** नेपाल में इंस्टाग्राम फेसबुक ऐप को बैन करने के विरोध में वहां पर आगजनी और जनहानि की घटनाएं हो रही है, इसको देखते हुए मथुरा में साधु संतों ने यमुना महारानी के पास जाकर भोले बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना की और शांति की अपील की, श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि नेपाल में शांति के लिए मंदिर में पूजा अर्चना की गई है और कहा कि मोदी जी हमारे देश के सनातनी हिंदुओं के गौरव हैं, उनको नेपाल की स्थिति पर नजर बनाए रखना चाहिए, साध्वी प्रिया किशोरी जी ने कहा कि नेपाल सनातनी हिंदुओं का राष्ट्र है,वहां पर विधर्मी मानसिकता के लोग उपद्रव कर रहे हैं, समाजसेवी राजेश पांडे ने कहा कि यह विदेशी षड्यंत्र हो सकता है,भोले बाबा जरूर शांति स्थापित करेंगे, महामंडलेश्वर रामनारायण गिरी जी महाराज ने कहा कि भोले बाबा नेपाल में शांति स्थापित करें,हमारी भगवान से यही प्रार्थना है कि सभी सनातनी हिंदू शांति से रहे और खुश रहें, महंत अजय गिरी महाराज ने कहा कि नेपाल में शांति स्थापना बहुत जरूरी है, नेपाल की घटना में अंतरराष्ट्रीय षड़यंत्र हो सकता है।

# जलभराव की समस्याओं को जानने पानी में चले डीएम व एसडीएम, समाधान करने हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** गढ़ रोड क्षेत्र के भीमनगर, न्यू भीमनगर और गिरधारी नगर में सालों से जलभराव की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा था। सोमवार को जब गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया, तो मंगलवार सुबह जिला अधिकारी (डीएम) अभिषेक पांडेय खुद मैदान में उतर आए ।डीएम ने किसी तरह की औपचारिकता नहीं दिखाई बल्कि बिना हिचकिचाए बदबूदार और दूषित पानी से होकर पैदल गुजरे। उन्होंने गलियों और मोहल्लों की वास्तविक तस्वीर अपनी आँखों से देखी और सीधे जनता से उनकी समस्याएँ सुनीं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि खराब जल निकासी की वजह से बिना बारिश के भी गंदा पानी घरों और गलियों में घुस जाता है। बदबू, मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा अब लोगों की ज़िंदगी का हिस्सा बन चुका है। महिलाएँ और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं।

डीएम अभिषेक पांडेय ने मौके पर ही कड़े तेवर दिखाते हुए अफसरों को अल्टीमेटम दिया ,जलभराव की समस्या को तुरंत खत्म किया जाए और स्थायी समाधान के लिए ठोस योजना तैयार हो ।उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब लोगों को इस नरक जैसी स्थिति से जल्द निजात मिलेगी।

## किसान संघ ने उठाई किसानों की समस्या, सीएम के नाम भेजा ज्ञापन

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** भारतीय किसान संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी आवाज बुलंद करते हुए किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन विकास खंड अधिकारी रोताश सिंह को सौंपा ।किसान संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और दर्जनों किसान उपस्थित रहे ।मंगलवार को संघ के पदाधिकारियों ने विकासखंड अधिकारी रोताश सिंह को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें खरीफ फसल के दौरान खाद की भारी कमी पर गम्भीर चिंता व्यक्त की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। किसान संघ ने सरकार से यह स्पष्ट मांग की कि इस बार रबी फसल के लिए भी खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए।

# मधुर भजनों से मन को बाँधने वाली कथा प्रवक्ता

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृंदावन।** श्रीधाम वृंदावन की पावन भूमि पर कथा वाचन के क्षेत्र में एक उभरता हुआ नाम श्रद्धालुओं के हृदय में विशेष स्थान बना रहा है—सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी। युवा कथावाचक मोहिनी कृष्ण दासी का ध्येय वाक्य है कि ह्लकथा केवल श्रवण का साधन ही नहीं, बल्कि यह जीवन को दिशा देने वाली साधना है।ह्व आपकी संगीतमयी कथा और मधुर भजनों की रसधारा में भक्त विभोर होकर अश्रुधारा बहाते हैं।

मोहिनी कृष्ण दासी जी को हरि निकुंज मंदिर के प्रमुख संत रमण बिहारी शरण जी महाराज से दीक्षा प्राप्त है। वे उनकी परम शिष्या हैं। आपके शिक्षा गुरु राम कृपाल जी महाराज ह्यभकतमालीह्ल चित्रकूट वाले हैं, जो शालिग्राम कुटी, मयूर विहार कैलाश नगर आश्रम में निवास करते हैं।

अब तक आप वृंदावन, नेपाल (सीता जी की परम स्थली जानकीनगर), जयपुर, फिरोजाबाद सहित विभिन्न स्थलों पर आधा दर्जन से अधिक संगीतमयी कथाओं का वाचन कर चुकी हैं। प्रयागराज महाकुंभ 2024 में आपकी कथा ने श्रद्धालुओं को अद्वितीय रसास्वादन कराया। जयपुर में आपने भावपूर्ण भरत चरित्र कथा प्रस्तुत की। वृंदावन और ब्रज के प्रमुख आश्रमों में भी आप अपनी मधुर वाणी से कथा-रस बरसाती रही हैं।

आपके द्वारा कही जाने वाली कथाओं में श्रीमद्भागवत कथा, रामकथा, शिवकथा, भक्तमाल कथा, सुदामा चरित्र, भरत चरित्र आदि शामिल हैं।

# 11 साल का मासूम संदिग्ध हालात में घर के बाहर से लापता

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के संजय नगर गली नंबर 7 से एक 11 वर्षीय मासूम आलोक गिरी, पुत्र महेश गिरी, सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों के अनुसार, आलोक सुबह स्कूल के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। घर के दरवाजे पर उसकी चप्पल, स्कूल बैग और साइकिल पड़ी मिली है, लेकिन वह खुद गायब था। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। मासूम के यूं अचानक गायब हो जाने से परिजन सदमे में हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। जिसके बाद थाना बारादरी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मोहल्ले और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिरी बार आलोक किस दिशा में गया और उसके साथ कोई संदिग्ध व्यक्ति तो नहीं था। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पड़ोसी और मोहल्लेवासी भी आलोक की खोज में लगे हुए हैं। लोगों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। बच्चे की चप्पल, बैग और साइकिल का घर के दरवाजे पर पड़ा होना मामले को और रहस्यमय बना रहा है। पुलिस इसे संभावित अपहरण मानकर भी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई पुख्ता सुराग नहीं मिला है।

# कालाबाजारी में लिप्त आरोपी के द्वारा उर्वरक की किल्लत व बढ़े दामों को लेकर प्रकाशित खबर का डीएम ने किया खंडन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने मंगलवार को कैंप कार्यालय पर एक न्यूज चैनल पर कालाबाजारी में लिप्त आरोप द्वारा उर्वरक की किल्लत और बढ़े दामों को लेकर भ्रामक व झूठी जानकारी सामने आने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता करते पत्रकारों को बताया कि अप्रैल से अब तक किसी भी उर्वरक की कमी नहीं रही।

वर्तमान में जिले में करीब 4159 मीट्रिक टन यूरिया और 3004 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है, जो लगभग एक महीने की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्टॉक उपलब्ध है। शासन स्तर से लगातार बातचीत की जा रही है। यूरिया लगातार जनपद हापुड़ को उपलब्ध कराई जा रही है और लगातार नियमों के अनुसार ही किसानों में यूरिया का वितरण किया जा रहा है किसी भी किसान को एक साथ बड़ी मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जाता।

भ्रमित खबर की जानकारी देने वाले यूरिया की कालाबाजारी में लिप्त बड़े सिंडिकेट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नकली कीटनाशक बेचने के आरोप में सीजेएम कोर्ट में वाद दायर किया गया है। सहकारी समिति में यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और नकली पेस्टिसाइड बेचने के मामले में कालाबाजारी में लिफ्ट आरोपी के खिलाफ वाद भी दायर किया गया है। जो दिल्ली, बुलंदशहर, बागपत आदि जनपदों में यूरिया बेचाना पाया गया है। जिसके चलते अनर्गल बयान देकर किसानों में भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूरिया की कालाबाजारी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने न्यूज पोर्टल द्वारा प्रकाशित खबर का भी खंडन किया और किसानों से अपील की कि यदि किसान कोई महंगी और ब्रांडेड पेस्टिसाइड तथा इंसेक्टिसाइड खरीदते हैं और उपज अच्छी नहीं होती है जिन किसानों को नकली दवाई दी गई है।

# जिलाधिकारी पहुंचे लक्ष्मी गार्डन शेल्टर होम अपने हाथों से बाढ़ पीड़ितों को खाना दिया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। जब जिलाधिकारी महोदय शेल्टर होम पहुंचे तब वहां पर सभी बाढ़ प्रभावित परिवार भोजन कर रहे थे। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा, जिसपर लोगों ने बताया कि खाना अच्छा है और समय से भोजन मिलता है। जिलाधिकारी ने राहत कैंप में लगे स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया तथा दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता/मदद हेतु पुलिस- प्रशासन कटिबद्ध है। किसी को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत बेगमपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामवासियों से वार्ता की। उन्होंने बर्बाद फसलों एवं क्षतिग्रस्त मकानों का जायजा लिया। लेखपालों को ससमय फसलों एवं मकानों के सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी को मिलेगा मुआवजा। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से भोजन, पानी आदि मूल-भूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कैंप का जायजा लिया तथा दवाओं का अवलोकन किया।

बेगमपुर निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह स्टीमर के माध्यम से वृंदावन एमएमस्थित देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे। उन्होंने गौशाला में गौवंशों हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बीड़ी न देने पर लोडर चालक की फावड़े से की नृशंस हत्या, घटना सीसीटीवी में कैद

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** शहर में सोमवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। इस घटना में महज एक बीड़ी न देने पर एक व्यक्ति ने लोडर चालक की सरेराह फावड़े से इतनी बेरहमी से हत्या कर दी कि देखने वालों की रूह कांप उठी। यह सनसनीखेज वारदात बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के ठिरिया निजामत खां रोड पर रात करीब 11 बजे घटी, ये पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मृतक की पहचान अब्दुल हमीद (53) के रूप में हुई है, जो उडला जागीर का रहने वाला था और बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई का काम करता था। रोज की तरह वह सोमवार रात भी लोडर से रेत-बजरी की डिलीवरी पर गया था। इसी दौरान आरोपी शहरोज वहां पहुंचा और बीड़ी की मांग की। हमीद ने जब मना किया, तो शहरोज आग-बबूला हो गया और पास ही रखे फावड़े से उस पर टूट पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमीद के सीने पर एक के बाद एक कई वार किए गए, जिससे वह वहीं जमीन पर गिर पड़ा। उसका बेटा नदीम, जो पास ही पैसे लेने गया था, चीख-पुकार सुनकर दौड़ा आया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसके सामने ही उसके पिता दम तोड़ चुके थे। नदीम ने हमलावर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह धक्का देकर मौके से फरार हो गया। वारदात के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पास में लगे सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह मामूली सी कहासुनी के बाद शहरोज ने फावड़े से हमला किया और हमीद की जान ले ली। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी शहरोज को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि हमले के पीछे की मानसिकता और कारण को गहराई से समझा जा सके।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया, है कि ह्लयह एक गंभीर घटना है, जिसमें मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हम जांच कर रहे हैं कि क्या यह हमला सिर्फ बीड़ी के इनकार पर हुआ या इसके पीछे कोई पुरानी रंजिश भी है।ह्व पुलिस के मुताबिक, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और क्षेत्र में शांति बनी हुई है।

## बागेश्वर जिला निवासी प्रख्यात कवि और साहित्यकार नेपाल में होंगे सम्मानित

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के प्रख्यात कवि तथा वरिष्ठ साहित्यकार बागेश्वर जिले के पाटली गांव निवासी नंदकिशोर जोशी नेपाल मे सम्मानित होंगे। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन ने उन्हें पत्र देकर सम्मान देने हेतु आमंत्रित किया है। 14 सितंबर को नेपाल में आयोजित विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता अंतर्गत श्री जोशी को विश्व हिंदी रत्न मानद उपाधि सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। नेपाल भारत बीच सामाजिक तथा सांस्कृतिक संबंध सुदृढ़ करने, देश-विदेश की साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा देवनागरी लिपि के संरक्षण संवर्द्धन के उद्देश्य विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया है। संस्था के अध्यक्ष आनन मायालु ने उनकी प्रतिभा और हिंदी भाषा के प्रति लगाव और उनकी कविताओं में मार्मिकता और गागर में सागर भरने के भाव और गुजरात में रहकर जोशी का अपनी मातृ भाषा के प्रति लगाव और सम्मान पर हर्षित व्यक्त किया है।

# दो दिन बाद नदी से मिला लापता रिटायर्ड फौजी का शव

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**



**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र में एक रिटायर्ड फौजी की जान सड़क विभाग की लापरवाही ने ले ली। रविवार रात से लापता चल रहे सेना से सेवानिवृत्त प्रेमपाल सिंह (निवासी गुलड़िया) का शव मंगलवार सुबह नदी से बरामद हुआ। शव घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर पानी में बहता हुआ मिला। यह हादसा उस समय हुआ जब वह रिश्तेदारी से लौटते समय अंधेरे में सड़क किनारे बने गड्ढे में बाइक समेत गिर पड़े। प्रेमपाल सिंह रविवार रात खुर्द गांव में एक पारिवारिक समारोह से लौट रहे थे। जब वह गांव गोरा लोकनाथपुर के पास पहुंचे, तो वहां की जर्जर एप्रोच रोड पर बने गहरे गड्ढे में बाइक समेत गिर पड़े।

मौके पर उनकी मोटरसाइकिल, मोबाइल और चप्पल तो मिल गई, लेकिन प्रेमपाल लापता हो गए। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने तलाश शुरू की। सोमवार को सेना की एक टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। अंततः मंगलवार सुबह प्रेमपाल सिंह का शव नदी से बरामद किया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया है कि एप्रोच रोड की हालत लंबे समय से खराब है। कई बार लोक निर्माण विभाग और प्रशासन को इसकी शिकायत की गई, लेकिन किसी ने संज्ञान नहीं लिया। बरसात के मौसम में पानी भरने से गड्ढा नजर नहीं आता, जिससे यह रास्ता जानलेवा बन चुका है।

ग्रामीणों ने कहा कि यहां पर कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन इस बार एक ज़िंदगी चली गई। प्रेमपाल सिंह की मौत की खबर जैसे ही उनके गांव पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जिपं अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख व्यासमुक्त समाज के लिए जारी करें प्लान



**गरुड़।** व्यसनमुक्त समाज के संयोजक व उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता डीके जोशी ने जिपं अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख गरुड़ से व्यसनमुक्त समाज के लिए अपना प्लान जारी करने की मांग की है। अधिवक्ता डीके जोशी का कहना है कि एक ओर प्रदेश सरकार 2025 तक उत्तराखंड को नशामुक्त बनाने की बात करती है वहीं, दूसरी ओर गरुड़ में बारों की संख्या बढ़ते जा रही है। उन्होंने जिपं अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जिपं अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख जनता को बताएं कि उन्होंने विकास का क्या रोडमैप तैयार किया है। गरुड़ को नशामुक्त बनाने के लिए वे क्या कदम उठा रहे हैं। उन्होंने जिपं अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख से बारों पर रोक लगाने, विकास का सटीक खांका खीचने और अपनी भविष्य की योजनाओं को जनता के सामने रखने की मांग की है।

## नाबालिग की शादी रुकवाने की बहन ने की मांग

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक महिला ने अपनी मां और चाचा पर उसकी नाबालिग बहन की जबरदस्ती किसी व्यक्ति के साथ शादी करने का आरोप लगाते हुए शादी रुकवाने की गुहार लगाई है. पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी महिला समरीन ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बहन तरन्नुम उसके पास काफी दिनों से रहती थी। पीड़िता का आरोप है कि उसकी मां साजिदा एवं उसका चाचा मतलूब उसकी नाबालिग बहन को जबरदस्ती अपने साथ ले गए और आरोप उसका कहीं किसी व्यक्ति के साथ जबरदस्ती निकाह करना चाहते हैं। पीड़ित महिला ने अपनी मां और चाचा के विरुद्ध तहरीर देकर शादी रुकवाने की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दूसरी और कस्बा निवासी महिला अनुराधा ने बताया कि इसके दो पुत्र हैं जो आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करते हैं और घर में तोड़फोड़ मचा रखी है। पीड़ित महिला ने अपने दोनों पुत्रों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## मामले की एडीजी ने ली पूरी जानकारी, कार्यवाही तय

**कांधला।** थाने से जीप गायब हो जाने का मामला मीडिया की सुर्खियां बना हुआ है। सूत्रों की माने तो मामले में एडीजी और डीआईजी लगातार अपडेट ले रहे हैं। मंगलवार को एडीजी और डीआईजी ने फोन कर जानकारी ली। सूत्रों की माने तो जीप गायब करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। खुफिया विभाग के अधिकारियों ने मामले में जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट लखनऊ भेजी।

## रक्षक ही बन गए भक्षक

**कांधला।** पुलिस पर सुरक्षा का जिम्मा होता है पुलिस चोर लुटेरे और बदमाशों को पकड़ने सहित दंगा नियंत्रण करने के लिए जानी जाती है। चोरी हो जाने पर पुलिस चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करती है मगर कांधला थाने से जीप गायब हो जाने के मामले में सूत्र बताते हैं कि पुलिस कर्मियों का हाथ है। कहावत है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो फरियादी कहां जाए। सूत्रों की माने तो पुलिस चांदी के चमक के आगे झुक गई और जीप गायब कर दी।

# केंद्रीय जांच सर्वे टीम ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर लिया नुकसान का जायजा

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिले में दैवीय आपदा से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी और नुकसान का मूल्यांकन करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने मंगलवार को जनपद बागेश्वर के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। केंद्रीय टीम ने पहले हड़बाड़ क्षेत्र का भ्रमण किया, जहाँ हाल ही में भूमि धंसाव एवं भूस्खलन की घटनाओं से सात परिवार प्रभावित हुए हैं।

प्रभावित परिवारों को जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सुरक्षित स्थलों स्थानीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानांतरित किया गया है। उन्हें आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है और प्रभावितों के विस्थापन को लेकर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। वहीं उन्होंने ड़ंगोली बालीघाट मोटर मार्ग निरीक्षण किया। मोटर मार्ग के किलोमीटर 32 और 34 में सड़क धंस रही है।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी को सड़क सुधारीकरण के समय पानी की निकासी पर विशेष ध्यान देने की बात कही इसके अतिरिक्त टीम ने पिटकुल क्षेत्र का भी दौरा किया, जहाँ मलबा आने से 132 केवी सर्विस स्टेशन को काफी क्षति हुई है। केंद्रीय टीम ने घटनास्थलों पर हुए नुकसान का आकलन किया तथा राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने केंद्रीय टीम को आपदा की स्थिति, बचाव व राहत कार्यों की प्रगति तथा विभिन्न विभागों द्वारा हुए नुकसान का विवरण प्रस्तुत किया। टीम के समक्ष विभागवार हानि का संक्षिप्त प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय टीम का उद्देश्य आपदा से हुए जन-धन, आधारभूत संरचना, कृषि एवं स्थानीय आजीविका को हुए नुकसान का आकलन करना और राहत व पुनर्वास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना रहा। निरीक्षण के दौरान टीम के साथ मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस. नबियाल, उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहितलोनिवि अभियंता संजय पांडे, ऊर्जा निगम के अभियंता मोहम्मद अफजाल सहित तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# बरेली में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद बोले बिहार में समय पर और शांतिपूर्ण तरीके से होंगे चुनाव

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने बरेली में कहा कि जम्मू-कश्मीर में दशकों तक घुसपैठ हुई, जब मंसूबे नाकाम हुए तो अराजकता करने लगे। हालांकि जो लोग इसमें लिप्त हैं वो बचेंगे नहीं। घाटी में सघन निगरानी और सतर्कता जरूरी है।

आपको बता दें कि बिहार के राज्यपाल रोटरी क्लब ऑफ बरेली के रोटरी समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। बिहार चुनाव के सवाल पर वह बोले कि राज्यपाल होने से वे राजनीतिक गठबंधनों पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। राजनीतिक महागठबंधन हो या कोई और... राज्यपाल का कार्य सिर्फ संविधान और विधान के मुताबिक हो, इसकी निगरानी का है। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, मयार्दा और लोकलाज पर जोर दिया। बिहार में चुनाव समय पर, सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। जम्मू-कश्मीर में अशोक स्तंभ बना शिलापट्ट तोड़ने के मामले पर मोहम्मद आरिफ ने कहा कि अब कश्मीर में हालात सामान्य हो रहे हैं। जिससे घुसपैठियों में निराशा पनप रही है।

हताशा की हालत में जो कार्य होते हैं वैसा ही गुलबर्ग में हुआ।

# थाने से जीप गायब प्रकरण में सीओ ने की पूर्ण जांच एसपी को सौंपी

**वेलकम इंडिया**

**काधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर एक दशक पूर्व सड़क हादसे में पकड़ी गई जीप थाने से अचानक गायब हो जाने के मामले में सीओ ने थाने की वीडियो ग्राफी की और जीप स्वामी ने अपने बयान दर्ज कराए,एडीजी और डीआईजी ने मामले से जुड़ी जानकारी ली। सीओ ने अपनी जांच पूर्ण कर रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंप दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी इंतजार ने वर्ष 1999 में हरियाणा के करनाल से एक जीप खरीदी थी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एच आर 21 ए 6967 था। लगभग 10 वर्षों के बाद जीप स्वामी ने अपनी जीप मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढाना निवासी किसी व्यक्ति को बेच दी थी। जो जीप का संचालन बुढ़ाना मार्ग पर सवारियों को ले जाने के लिए करता था। 7 जुलाई 2014 को सवारिया ले जाते समय गांव भभीसा के समीप जीप की टक्कर लग जाने से दो लोगों की मौत हो गई थी और एक घायल हो गया था। पुलिस ने जीप पकड़कर थाने पर बंद कर दी थी और चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अपराध संख्या 270 /14 में चालान कर दिया था मामला कोर्ट में विचाराधीन है। माल मुकदमाती मे पकड़ी गई जीप लगभग एक दशक से थाने के बाहर खड़ी हुई थी लगभग 15 दिन से जीप अचानक से गायब हो गई। मामला मीडिया की सुर्खियां बना तो अचानक से थाने पर तैनात पुलिस विभाग में हडकंप मच गया। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच सीओ कैराना श्याम सिंह को सौंप दी। सीओ थाने पर जांच करने पहुंचे और पुलिस कर्मियों के बयान दर्ज करने के बाद थाने के सीसीटीवी फुटेज और थाने का निरीक्षण कर जीप की तलाश करते हुए वीडियो ग्राफी की। सीओ की जांच मे थाने पर कहीं भी जीप नहीं मिली, मंगलवार को सीओ ने अपनी जांच पूर्ण करने के बाद एसपी को सौंप दी।

## धोखाधड़ी के मामले में पंजाब पुलिस की दबिश

**काधला।** पंजाब की थाना मोहाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार एक अभियुक्त की तलाश में कस्बे के बाईपास पर एक युवक के मकान पर दबिश दी। पंजाब पुलिस को देखकर मोहल्ले के लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई मौके पर युवक नहीं मिलने पर पुलिस वापस लौट गई। मंगलवार को पंजाब राज्य के चंडीगढ़ जनपद के थाना मोहाली के एस आई रणजीत सिंह एवं हेड कांस्टेबल बलविंदर सिंह ने थाने पर आमद कराई। पंजाब पुलिस के द्वारा बताया गया कि कई महा पर्व कस्बे का एक युवक ने मोहाली निवासी व्यक्ति के साथ फोन पै के माध्यम से हजारों रुपए की धोखाधड़ी कर वहां से फरार हो गया था। पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मोहाली थाने पर अभियोग दर्ज कराया गया था। पुलिस लगातार सर्विलांस की मदद से उक्त युवक की तलाश कर रही है पुलिस को सर्विलांस की मदद से उक्त युवक की लोकेशन कांधला कस्बे के बाईपास मार्ग पर मिली है।

# पिकनिक मनाने गये जीजा साला नदी में डूबकर लापता एसडीआरएफ और गोताखोर खोजबीन में जुटे

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** जनपद झांसी के मोंठ थाना क्षेत्र में मंगलवार को बेतवा नदी में नहाने गए जीजा आरिफ (21) पुत्र सुबराती निवासी नबीपुर कानपुर देहात और उसका साला अरबाज (19) पुत्र बहीद निवासी मदारगंज मोंठ नदी में डूबकर लापता हो गए। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी मोंठ अजय श्रोत्रीय, अतिरिक्त निरीक्षक कोतवाली मोंठ कमल प्रताप सिंह, उप निरीक्षक अजय कुमार व रजनीकांत सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से विस्तृत घटना संबंधी जानकारी ली। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों को भी खोजबीन कार्य में लगाया गया।

जानकारी के अनुसार, अरबाज का जीजा आरिफ मोंठ में किसी बीमारी का इलाज कराने के लिए आया था। मंगलवार को आरिफ अपनी पत्नी आफरीन, साले अरबाज तथा तीन नाबालिग बच्चों, शाहीन, खुशी और जोया के साथ खिरीयाघाट के पास पिकनिक मनाने गया था। पिकनिक के दौरान आरिफ नदी में नहाने के लिए कूद गया। अचानक उसे डूबता देख उसका साला अरबाज भी उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा। लेकिन दोनों बहाव में फंस गए और डूबकर नजर नहीं आए।

परिजनों ने पूरी घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने गहराई से नदी में डाइविंग कर दोनों की खोज शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय गोताखोर भी नदी के किनारे व पानी में खोजबीन में जुटे हैं।

# व्यापारी से लूट की साजिश रचने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित गांव आल्दी पुलिया के समीप एसओजी टीम एंव पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी व्यापारी से लूट की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने घायल दोनों बदमाशों का उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जिनके कब्जे से अवैध हथियार पुलिस ने बरामद किए है।

अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने जानकारी देकर बताया की सोमवार की रात्रि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र में बदमाश किसी व्यापारी से लूट करने की फिराक में है। मुखबिर द्वारा प्राप्त हुई सूचना के आधार पर एसओजी टीम एंव थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान टीम को थाना क्षेत्र की आल्दी पुलिया के समीप दो संदिग्ध दिखाई दिए, जब पुलिस टीम ने घेरा बंदी करते हुए पकड़ने का प्रयास किया तो दोनों बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस पार्टी ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दीपक उर्फ पेलू पुत्र नरेंद्र निवासी राठौर कालोनी छुटमलपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर एवं सददाम उर्फ साजिद पुत्र सब्बीर निवासी नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर को पुलिस की गोली से घायल हो गए। दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, दो खोखा कारतूस, तीन जिन्दा 315 बोर कारतूस व एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस बिना नम्बर प्लेट बरामद की। अभियुक्त दीपक उर्फ पेलू व सददाम उर्फ साजिद का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर रहा है। दीपक उर्फ पेलू पर हत्या, लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट समेत दर्जनों संगीन मामले दर्ज हैं।

# गुरसरांय में टायर के शोरूम में भीषण आग, सब कुछ जलकर हुआ खाक



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** गुरसरांय कस्बे में देर रात एक बड़ी घटना हुई। रेंज चौराहा स्थित जैन टायर्स नाम की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लाखों नहीं बल्कि करोड़ों का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि इसे बुझाने में फायर ब्रिगेड को घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

गुरसरांय के रेंज चौराहा पर स्थित जैन टायर्स की दुकान में देर रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के भीतर रखा टायर, मशीनरी और अन्य सामान धूं-धूं कर जलने लगा। सूचना मिलने पर दुकान मालिक सचिन जैन मौके पर पहुंचे तो पूरा सामान आग की लपटों में घिरा हुआ था। लगभग एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 7 बजे आग पर काबू पाया गया। इस घटना में लगभग 2 से 3 करोड़ रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

आग की जानकारी मिलते ही गरौठा एसडीएम सुनील कुमार, गुरसरांय थानाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय और नगरपालिका प्रशासन भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



**अयोध्या।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। रूदौली तहसील क्षेत्र में घाघरा नदी से प्रभावित लोगों को बाढ़ राहत किट देते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि आपदा के समय प्रदेश सरकार, शासन और प्रशासन उनके साथ है। मंत्री शाही ने कहा कि जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकार विकासपरक और जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, वहीं दैवीय आपदा के समय पीड़ितों का दुख बांटने में भी पीछे नहीं है। उन्होंने बताया कि वे पीड़ित परिवारों का हाल जानने और जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने आए हैं। रूदौली विधायक रामचंद्र यादव, रामदेव आचार्य के निधन के कारण उनके देह संस्कार की वजह से हमारे साथ नहीं आ पाये है लेकिन आप सभी के बीच विधायक रामचंद्र यादव लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आकर हाल जानते रहते प्रशासन द्वारा सहायता उपलब्ध करते रहते हैं।

आज रूदौली तहसील क्षेत्र पास्ता माफी बाढ़ चौंकी पर अयोध्या डीएम के साथ सललापुर, अब्बुपुर, के बाढ़ सें प्रभावित 60 परिवारों को मंत्री शाही ने पहुंचकर कटान प्रभावित लोगों को खाद्यान्न किट वितरित की। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुन्नू पांडे भाजपा व जिलाधिकारी निखिल टिकाराम फुंडे भी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलें मुख्य चिकित्साधिकारी को बुखार, डायरिया जैसी बीमारियों की दवाओं की किट वितरित करने और स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# मोदी कॉलेज में विज्ञान और गणित सीखने को बढ़ावा देने को कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भारत सरकार के तत्वावधान में विज्ञान व गणित सीखने को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव मनाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि वैज्ञानिक दीपक शर्मा ने विभिन्न प्रकार के सिद्धांत शिक्षक व शिक्षाओं को समझाएं। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने की।राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने बताया कि जिस तरह सूरज में स्वयं की ज्वाला होती है उसी प्रकार एक शिक्षक में भी स्वयं की प्रेरणा होनी चाहिए। क्विज प्रतियोगिता में डॉक्टर के एन मोदी कॉलेज के मोहित



शर्मा प्रथम रूकमणि मोदी महिला इंटर कॉलेज की इशिका द्वितीय ,पीवीएस कन्या इंटर कॉलेज की दिव्या कुमारी तृतीय स्थान रहा। निबंध प्रतियोगिता में सीबीएस करना इंटर कॉलेज की काजल प्रथम केएन मोदी साइंस के कन्हैया को दूसरा, आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर के प्रताप को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कलछीना की सारिका को सांत्वना पुरस्कार मिला। पी बी ए एस कन्या इंटर कॉलेज की चंचल को दूसरा स्थान केएन मोदी के अनुराग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन सिद्धांत एवं किताबों में पढ़ते हैं उन्हें कक्षाओं में छात्रों को विभिन्न प्रयोगों के द्वारा समझाइए तो छात्रों के समझ में वह सिद्धांत बहुत आसानी से आ सकता है। दूसरे दिन कार्यशाला में लगभग 50 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एस सी अग्रवाल ,विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता तेजपाल सिंह को मोमेंट तो देकर सम्मानित किया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में अजय कुमार रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव जांगिड़ और राजीव कुमार वर्मा ,मुख्य लिपिक सतीश कुमार और खाने की व्यवस्था में मुख्य रूप से धर्मवीर सिंह, का सहयोग रहा।

# यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ट्रस्ट ने 98 बच्चों को नये जूते प्रदान किए गए

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ट्रस्ट, मोदीनगर द्वारा संचालित चरण पादुका अभियान की एक और कड़ी जीविका स्टडी प्वाइंट, कृष्णा नगर, दिल्ली में आयोजित की गई। संस्था का अभियान स्वर्गीय डॉक्टर केवल कृष्ण थम्मन को श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित रहा। इस अवसर पर कुल 98 वंचित बच्चों को नये जूते प्रदान किए गए। बच्चों को जूते मिलने पर उनके चेहरे पर आई मुस्कान ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि चरण पादुका अभियान का उद्देश्य उन बच्चों तक पहुँचना है, जो आर्थिक अभाव के कारण नंगे पांव रहते हैं। यह न केवल उनके स्वास्थ्य पर असर डालता है बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी प्रभावित करता है। इस अभियान को जीविका स्टडी प्वाइंट की संचालक सोनिका राघव और फाउंडेशन के सक्रिय



सदस्य विनय चौहान द्वारा यहां तक पहुँचाया गया। सोनिका राघव वर्षों से वंचित बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने और उन्हें एक बेहतर भविष्य देने के लिए कार्यरत हैं।संस्था से सुनीता शर्मा, अशोक कुमार, विनय चौहान, गुरदीप सिंह व प्रवीण कुमार शर्मा सक्रिय रूप से मौजूद रहे। जीविका स्टडी प्वाइंट से सोनिका राघव, नैना चौहान, माही चौहान, सोनिका राघव, राहुल राघव, पिंकी परिहार, दर्शन परिहार, जसवंत राघव, रेवंश, जीविका, लव तृप्ति राघव आदि ने सहयोग प्रदान किया। संस्था अब तक चरण पादुका अभियान के अंतर्गत 4704 बच्चों को जूते उपलब्ध कराए जा चुके हैं और आने वाले समय में इस अभियान को और अधिक क्षेत्रों तक ले जाया जाएगा।

# गिन्नी देवी मोदी कॉलेज में शिक्षक दिवस एवं एन.टी.टी. प्रथम वर्ष का विदाई समारोह

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी.कॉलेज में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एन.टी.टी. प्रथम वर्ष का विदाई समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एन.टी.टी. निदेशक डिंपल के निर्देशन एवं कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या श्रीमती पूनम शर्मा, रिशिका पांडेय, नूतन तथा सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमा पंवार ने किया। जिनका सहयोग आयुषी, राधिका, मानशी और सलोनी ने किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मुस्कान, आयुषी, मानशी, चंचल, अवंतिका,



प्राची और खुशबू ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। विदाई समारोह के अंतर्गत एन.टी.टी. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और जूनियर्स ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्या श्रीमती पूनम शर्मा ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और एन.टी.टी. छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। शिक्षक सम्मान और छात्राओं की भावनात्मक विदाई के रूप में अविस्मरणीय बन गया।

# रणवीर दहिया ने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा 2 लाख 51 हजार का चेक

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए रालोद के प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को 2 लाख 51 हजार का चेक प्रदान किया। लोकदल मानवता के प्रति समर्पण के कार्य निरंतर करता रहता है।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह के निदेर्शानुसार पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह दहिया ने 2 लाख 51 हजार का चेक का चेक राहत कार्यों के लिए समर्पित किया है। रालोद के प्रदेश महासचिव रणबीर दहिया ने कहा कि हम सबका नैतिक दायित्व है कि इस



कठिन समय में हम सबका नैतिक दायित्व है कि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। राष्ट्रीय लोकदल परिवार सभी बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हुआ है और उनकी सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है। चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में एकजुटता-राष्ट्रीय लोकदल की ओर से यह सहायता राशि पीड़ितों के प्रति हमारी एकजुटता और सहानुभूति का प्रतीक है। आइए हम सब मिलकर इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों की सहायता करें।

# एटीएम कार्ड चोरी कर खाते से उड़ाए 95 हजार रुपये, सीसीटीवी से आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में एक बार फिर एटीएम फ्रॉड का मामला सामने आया है। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित मोदी कॉलेज के सामने लगे एक बैंक के एटीएम में शातिर ठग ने युवक का एटीएम कार्ड चोरी कर खाते से 95 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना के बाद पीड़ित की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया है। खंजरपुर गांव निवासी नीतू का खाता मोदीनगर के एक बैंक में है। सोमवार को उनका बेटा राज पैसे निकालने एटीएम गया था। उसी दौरान एक शातिर आरोपी वहां पहुंचा और पीछे खड़े होकर राज का पिन नंबर देख लिया। बताया जा रहा है कि ठग ने युवक को बातचीत में उलझाया और मौका पाकर डेबिट कार्ड बदलकर अपने पास रख लिया। उस समय राज को चोरी का पता नहीं चला। घर पहुंचने के बाद जब राज ने मोबाइल देखा तो बैंक की ओर से लगातार 95 हजार रुपये डेबिट होने के संदेश आए। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया।

राज और उसकी मां नीतू ने तुरंत बैंक की हेल्पलाइन पर कॉल कर कार्ड ब्लॉक कराया और पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद थाने पहुंचकर पुलिस को भी तहरीर दी गई। एसीपी मोदीनगर का कहना है कि एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस का दावा है कि इस तरह की वारदात करने वाले गिरोह पहले भी सक्रिय रहे हैं और सभी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस ने लोगों से अपील की है कि एटीएम का उपयोग करते समय सतर्क रहें, एटीएम पिन डालते समय की-पैड को ढकें। किसी भी अजनबी को पास न आने दें। और यदि एटीएम कार्ड या खाते से संबंधित कोई संदिग्ध गतिविधि हो तो तुरंत बैंक और पुलिस को सूचित करें।

# रालोद के प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की फसल से पानी निकासी की मांग



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** किसानों की फसल से पानी निकासी की मांग को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में रालोद नेताओं का प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ गंगा नहर मेरठ के अधिशासी अधिकारी से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मोदीनगर, विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत पतला, निवाडी आदि में टिकरी आदि रजवाहा के पास अधिक पानी भरे जाने से किसानों की फसल नष्ट हो गई है। किसानों की फसल डूब जाने के कारण आर्थिक नुकसान हो गया है। मांग की है कि खेतो से पानी निकासी कर रजवाहे में छोड़े। सिंचाई विभाग अपने स्तर से शासन को, किसानों के नुकसान से अवगत कराए। प्रतिनिधिमंडल में नगर पंचायत पतला चेयरपर्सन पति देवेन्द्र चौधरी, भोपाल सिंह, राजपाल सिंह, सिंधु, अमित, नरेंद्र त्यागी, सुशील शर्मा, नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी, क्षेत्रीय प्रोफेशनल मंच के अध्यक्ष अरुण दहिया सहित आदि उपस्थित रहे।

# कुश्ती प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोरखपुर में आयोजित नेशनल कॉम्बैट कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का गांव खंजरपुर में मास्टर प्रेम चौधरी के निवास पर सम्मान समारोह ग्राम वासियों द्वारा किया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन मास्टर प्रेम चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र चौधरी ने की।मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच एवं प्रमुख सुचेता सिंह रही । इस अवसर पर सुंदरपाल बीडीसी, ग्राम प्रधान सुबोध कुमार , चौधरी राजपाल सिंह, सत्येंद्र तोमर, सुनील, दिनेश कुमार शास्त्री, बृजपाल सिंह, अजीत, पूर्व प्रधान राजकुमार चौधरी, राज बहादुर




सिंह, जितेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में ओमबाला देवी, राजकली देवी, पालो देवी इत्यादि महिलाओं ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सुंदरपाल बीड़ीसी, प्रधान सुबोध कुमार एवं देवेंद्र चौधरी द्वारा द्वारा सभी पहलवानों को धनराशि देकर सम्मानित किया गया। गोरखपुर में नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में मेडल प्राप्त करने वाले कनिष्क चौधरी , कृष्णा चौधरी, पल्लवी कुणाल गोल्ड मेडल, नवनीत चौहान सिल्वर, अंकुर शर्मा व देवेंद्र चौधरी ब्रोंज प्राप्त किए थे। सम्मान समारोह में समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे सभी ने बढ़-चढ़कर नेशनल खेल कर आए पहलवानों का उत्साहवर्धन किया इस मौके पर सभी पहलवानों के परिवारजन भी मौजूद रहे।

# ई-बसों का संचालन अधर में, करोड़ों की बसें डिपो में खड़ी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल ई-बसों का संचालन फिलहाल सपना ही बनकर रह गया है। परिवहन निगम के अधिकारियों ने तीसरी बार नया रूट मैप तैयार कर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) मुख्यालय को भेज दिया है। अधिकारियों का दावा है कि इस बार तैयार किया गया 20 ई-बसों का रूट मैप अंतिम होगा और इन्हीं मार्गों पर बसों का संचालन किया जाएगा।

जिले को जुलाई माह में कुल 32 ई-बसें आवंटित की गई थीं, लेकिन अब तक केवल 20 बसों के रूट ही मुख्यालय को भेजे गए हैं। इनमें कौशांबी से मुरादाबाद, मेरठ और कासगंज के लिए बसें चलाने का प्रस्ताव है, जबकि कश्मीरी गेट से बिजनौर और हरिद्वार के लिए भी रूट निर्धारित किए गए हैं। इस बार तैयार किए गए मैप में तीन नए रूट शामिल किए गए हैं, जबकि पुराने रूटों में से केवल दो को ही जगह मिल पाई है। रूटों में बार-बार बदलाव हो रहा है, मगर इसकी असली वजह अधिकारी अब तक स्पष्ट नहीं कर पाए हैं। बताया गया है कि शेष 18 ई-बसों का फाइनल रूट भी जल्द ही मुख्यालय भेज दिया जाएगा। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बसें आने के बावजूद उनका संचालन शुरू नहीं हो सका है। करीब डेढ़ साल पहले ई-बसों को सड़क पर उतारने की तैयारी के आदेश दिए गए थे, लेकिन चार्जिंग पॉइंट तक तैयार नहीं हो पाए। बिजली कनेक्शन न होने के कारण चार्जिंग स्टेशन का निर्माण अधर में लटका हुआ है। परिवहन निगम को बिजली निगम को 22.78 लाख रुपये का भुगतान करना है, जिसकी मांग निगम ने मुख्यालय से की है। जब तक यह भुगतान नहीं होता और बिजली कनेक्शन नहीं मिलता, तब तक चार्जिंग पॉइंट तैयार नहीं हो सकता। परिस्थिति यह है कि करीब 1.60 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रत्येक बस फिलहाल साहिबाबाद डिपो की वर्कशॉप में खड़ी-खड़ी धूल खा रही है। सभी 32 बसों की कुल कीमत लगभग 51.2 करोड़ रुपये है और इतने बड़े निवेश के बावजूद जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आम यात्रियों को उम्मीद थी कि ई-बसें चलने से यात्रा आसान, किफायती और प्रदूषण रहित होगी, लेकिन लगातार खिंच रही तैयारियों और अफसरशाही की सुस्ती से यह योजना अब तक अमलीजामा नहीं पहन सकी है। साहिबाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यालय से 20 बसों के रूट और चार्जिंग पॉइंट की जानकारी मांगी गई थी, जो भेज दी गई है। साथ ही यह भी अवगत करा दिया गया है कि चार्जिंग पॉइंट न होने के कारण बसों का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ई-बस योजना को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे, ताकि प्रदूषण कम हो और यात्रियों को आधुनिक परिवहन सुविधा मिले। लेकिन जिले में इस योजना की स्थिति यह है कि करोड़ों की बसें सिर्फ शोपीस बनकर रह गई हैं और जनता अभी भी पारंपरिक डीजल बसों और निजी साधनों पर निर्भर है। यदि जल्द ही चार्जिंग पॉइंट का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो यह महत्वाकांक्षी योजना भी कागजों तक ही सिमटकर रह जाएगी।

# आरटीआई एक्टिविस्ट वकील शिवसेना नेता राजा भईया को जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर (राजा भईया) एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न– 811371054=9818951279

वेलकम इंडिया

भ्रष्टाचार के विरुद्ध आरटीआई को हथियार बना कर सवाई माधोपुर जिले की तहसील गंगापुर सिटी में कई सनसनी खेज मामलों को उजागर कर वहां के सभापति और नगर परिषद आयुक्त व अन्य संबंधित अधिकारीयों तथा भ्रष्टाचारी लोगों के विरुद्ध एफआईआर तक दर्ज कराने और अदालतों में जनहित के लिए कई प्रकरण दर्ज कराने तथा बिना अनुमति के बनाई जा रही नौ मंजिला अवैध इमारत की पोल खोलने वाले हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट आरटीआई एक्टिविस्ट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया को गंगापुर सिटी आने पर और सभापति तथा नगर आयुक्त एवं अवैध वन रही इमारत और उसके मालिक रंगलाल से दूर रहने, वर्ना जान से मारने की या रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी भरा एक पत्र रजिस्टर्ड डॉक द्वारा उनके घर भेजा गया है, जिस पर राजा भईया ने पत्र पढ़ते ही तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी जिस पर संबंधित थाना न्यू उस्मानपुर के पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर सारे मामले की जायजा लिया, पत्रकारों को सूचित कर थाने में दी गई शिकायत की प्रतियां उन्हें देते हुऐ राजा भईया ने बताया कि इस बाबत उन्होंने उपरोक्त थाने में डीडी नम्बर 133, पर लिखित शिकायत दर्ज कराई है पुलिस अधिकारी मामले की गंभीरता को देखते हुऐ जांच में जुटे हैं और शिकायत की एक प्रति गंगापुर सिटी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भी भेजी है, बकौल राजा भईया जब वह कड़कड़ डूमा कोर्ट से अपने घर पहुंचे तो उन्हें रजिस्टर्ड डॉक द्वारा आए तीन पत्र प्राप्त हुए, उनमें से एक पत्र किसी भरत सिंह पुत्र लल्लू सिंह निवासी मिजार्पुर गंगापुर सिटी के पते से भेजा हुआ भी प्राप्त हुआ उसे खोल कर पढ़ने पर उसमें एक धमकी भरा पत्र मिला, जिसमें ₹ अप शब्दों के साथ साथ उन्हें रंगलाल और उसकी बिल्डिंग, नगर परिषद गंगापुर सिटी के सभापति और आयुक्त से दूर रहने के साथ साथ गंगापुर सिटी ना आने और आरटीआई ना लगाने की धमकियां तथा गंगापुर सिटी आने पर जान से मारने की धमकी और उनकी की लाश का पता ना लगने तथा बलात्कार या रउ/रळ के झूठें केस में फंसबा कर जेल भिजवाने की धमकियां और गाली गलोंज लिखी हुई थी ₹ उन्होंने बताया कि उन्हें पूरा पूरा यकीन है कि उपरोक्त लोगों ने ही उन्हें भयभीत करने डराने और उनके खिलाफ आगे कोई अन्य कानूनी कार्यवाही ना करने के लिऐ यह धमकी भरा पत्र भिजवाया है परन्तु वो ना डरे थे ना डरे है और ना डरेंगे उनकी जंग भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे भी यूं ही जारी रहेगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला शुल्क नियामक समिति की अहम बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मंगलवार को जिला शुल्क नियामक समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने की। बैठक में निजी विद्यालयों की फीस से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अभिभावकों की बातों को धैर्यपूर्वक सुना और उनकी ओर से रखे गए विभिन्न दस्तावेजों तथा उच्च न्यायालय के आदेशों का गहन अवलोकन किया। दूसरी ओर, जयपुरिया स्कूल ने भी समिति के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि समिति का उद्देश्य निष्पक्ष निर्णय लेना है, जिसके लिए सभी पक्षों की राय और लिखित साक्ष्य आवश्यक हैं। इसी क्रम में अभिभावकों को निर्देश दिया गया कि वे अपनी आपत्तियां और प्रत्यावेदन लिखित रूप में समिति को उपलब्ध कराएं। विद्यालय प्रबंधन को भी उसी आधार पर अपना जवाब देने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पक्ष-अभिभावक हों या विद्यालय प्रबंधन अपने-अपने मत और दस्तावेज निर्धारित समय सीमा में समिति को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि समिति का निर्णय पूरी तरह तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर ही होगा, जिससे दोनों पक्षों का हित सुरक्षित रहे। इस अहम बैठक में माहौल पूरी तरह सौहार्दपूर्ण रहा। अभिभावकों और विद्यालय प्रतिनिधियों ने संयम और गंभीरता के साथ अपनी बात रखी। जिलाधिकारी ने भी पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता का आश्वासन देते हुए कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि शिक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की अव्यवस्था या पक्षपात की गुंजाइश न रहे। इस बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राम राजा, डीजीडीएम सेट आनन्द राम जयपुरीया, सीए प्रदीप सुरेन्द्र साहनी, बीएसए कार्यालय से डॉ. नमिता, एएओ विकास वघेल, अभिषेक शर्मा, मनीष राघव, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# संभव में 25 संदर्भों पर हुई सुनवाई, कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम की ओर से आयोजित होने वाला 'संभव जनसुनवाई दिवस एक बार फिर आम जनता की आवाज सुनने का सशक्त मंच बना। मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों की टीम के साथ मिलकर नागरिकों की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाए। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 25 संदर्भ सामने आए, जिन पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई भी शुरू कर दी। जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संभव में प्राप्त होने वाले संदर्भों का निस्तारण किसी भी हालत में विलंब से नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पहल तभी सफल होगी जब जनता को भरोसा हो कि उनकी शिकायतें सुनी भी जा रही हैं और उन पर समयबद्ध कार्यवाही भी हो रही है। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को मॉनिटरिंग और सघन करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में आए संदर्भों में जलकल और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याओं पर सबसे पहले ध्यान दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की छह शिकायतें सामने आईं, जिनमें सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों ने अपनी परेशानियां रखीं। इस पर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि केवल मुख्य मार्गों पर ही नहीं, बल्कि वार्डों की आंतरिक गलियों में भी सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए। इसके लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को स्वयं प्रातःकालीन निरीक्षण करने और नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

जलकल विभाग से कुल पांच संदर्भ सामने आए। इनमें पेयजल आपूर्ति, पाइप लाइन और जलभराव जैसी समस्याएं शामिल थीं। इन पर महाप्रबंधक जलकल कामाख्या प्रसाद आनंद को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार निर्माण विभाग की चार, प्रकाश विभाग की तीन, संपत्ति विभाग की दो, टैक्स विभाग की तीन, उद्यान विभाग की एक तथा अन्य विभाग से जुड़ी एक शिकायत दर्ज की गई। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विभाग को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

> जनसुनवाई के इस अवसर पर नगर आयुक्त ने अधिकारियों का हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य केवल समस्याओं को सुनना नहीं बल्कि उनका समाधान करना है। जनता निगम से उम्मीद करती है और उन उम्मीदों पर खरा उतरना ही सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित टीम को यह संदेश दिया कि संभव जैसे मंच नागरिकों और प्रशासन के बीच भरोसे की कड़ी को मजबूत करते हैं, और इस विश्वास को कायम रखना हर अधिकारी का दायित्व है। कार्यक्रम में नगर निगम की टीम ने सामूहिक कार्यसंस्कृति का भी परिचय दिया। संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, महाप्रबंधक जलकल कामाख्या प्रसाद आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी पूरे समय मौजूद रहे और नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। अधिकारियों की तत्परता से यह संदेश भी गया कि निगम प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति न केवल संवेदनशील है, बल्कि त्वरित कार्रवाई के लिए भी तैयार है। गाजियाबाद नगर निगम लगातार जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है।

## आनंदा आवास योजना के 36 ईडब्ल्यूएस भवनों का लॉटरी ड्रा अब प्राधिकरण कार्यालय में होगा

**गाजियाबाद।** आनंदा आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए 36 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) भवनों का लॉटरी ड्रा अब गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह ड्रा पहले 10 सितम्बर 2025 को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में प्रस्तावित था, लेकिन उसी दिन हिंदी भवन में समर्थ उत्तर प्रदेश- विकसित उत्तर प्रदेश ऐटदरेट2047 से संबंधित एक बड़े कार्यक्रम के आयोजित होने के कारण इसकी जगह बदल दी गई है।

# विकसित भारत 2047 की ओर प्रेरक पहल विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** केआईईटी समूह संस्थान में मंगलवार को विकसित भारत 2047 की ओर प्रेरक पहल विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, प्रतिष्ठित शिक्षाविद और बी.टेक व एम.बी.ए. पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य का ध्वजवाहक बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, उनकी सोच और उनका नवाचार ही भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में ले जाएगा। पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नरेंद्र भूषण ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 का सपना केवल सरकारी योजनाओं से पूरा नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए जनता और सरकार दोनों का मिलकर प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को समझाते हुए कहा कि यदि नागरिक और शासन मिलकर कार्य करेंगे, तो आने वाले दो दशकों में भारत और उत्तर प्रदेश दोनों ही विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने छात्रों के समक्ष नवाचार का पहिया की अवधारणा रखते हुए बताया कि जैसे पहिए का आविष्कार और आग की खोज ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी थी, उसी प्रकार आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर उन्नत एजेंटिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक की यात्रा आने वाले समय की दिशा तय कर रही है। यदि भारत इस तकनीकी क्रांति में अग्रणी बना, तो 2047 तक हम वैश्विक नेतृत्व करने की स्थिति में होंगे।

## 'संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत कौशल विकास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शों तथा जिलाधिकारी गाजियाबाद के आदेशानुसार, जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में "संकल्पज्ज हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत चल रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान (2 से 12 सितम्बर, 2025) के क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण महिला संस्थान में मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा और कौशल विकास विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।

छात्राओं और अध्यापिकाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजना की गहन जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना कौशल इंडिया मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी तरह उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन भी राज्य के युवाओं को उद्यमिता और बेहतर नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। छात्राओं को समझाया गया कि ये योजनाएँ केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका लक्ष्य है कि युवा अपने पैरों पर खड़े हों और भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना कर सकें।

# कवि नगर वेलफेयर एसोसिएशन ने काला पट्टी बांधकर हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शहर में हाउस टैक्स की बढ़ी हुई दरों को लेकर नाराजगी थमने का नाम नहीं ले रही। महंगाई की मार झेल रही जनता पर नए टैक्स का बोझ डालने के खिलाफ अब स्थानीय निवासी खुलकर सड़कों पर उतर आए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कवि नगर वेलफेयर एसोसिएशन ने रामलीला मैदान से लेकर नगर निगम के जोनल ऑफिस तक काला पट्टी बांधकर जोरदार मार्च निकाला और नगर निगम प्रशासन पर जनविरोधी फैसले लेने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में सैकड़ों स्थानीय निवासी, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में तख्तियां और सिर पर काली पट्टियां बांधकर नगर निगम और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि हाउस टैक्स वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल, डीजल, बिजली, पानी और जरूरी सामान की कीमतें पहले ही आसमान छू रही हैं। ऐसे में हाउस टैक्स बढ़ाना मध्यम वर्गीय और निम्न वर्गीय परिवारों के साथ सीधा अन्याय है। कवि नगर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि हाउस टैक्स की दरें पहले से ही पर्याप्त हैं। नगर निगम को विकास कार्यों का खर्च आम जनता पर थोपने के बजाय अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए और पारदर्शिता के साथ आय के अन्य स्रोत तलाशने चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने निगम प्रशासन पर आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों और जनता की राय लिए बिना ही हाउस टैक्स बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के भरोसे के खिलाफ है।

## बीबीए के 30वें और बीसीए के 29वें सत्र का 'प्रारम्भ-2025 कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस स्नातक परिसर में मंगलवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीबीए पाठ्यक्रम के 30वें तथा बीसीए पाठ्यक्रम के 29वें सत्र का शुभारम्भ हुआ। तीन दिवसीय 'प्रारम्भ-2025 कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करना और उनके उज्ज्वल भविष्य की राह दिखाना था।

समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर आईटीएस-शिक्षा समूह के उपाध्यक्ष श्री अर्पित चड्ढा, मुख्य अतिथि श्री एस.के. श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईएएस, अध्यक्ष स्थायी समिति, राज्य निर्वाचन आयुक्त, दिल्ली), विशिष्ट अतिथि डॉ. सिंधु भास्कर (अध्यक्ष एवं संस्थापक ईएसटी समूह, कैंब्रिज नवाचार केंद्र, अमेरिका तथा फोर्ब्स परिषद सदस्य), विशेष वक्ता श्री पंकज कुमार पटोदी (सप्लाई श्रृंखला प्रबंधन प्रमुख, गोडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड) और डॉ. आर.पी. त्रिपाठी (वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं भारतीय योग संस्थान के जिला संयोजक) सहित निदेशक प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार पांडेय, उपप्रधानाचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा, बीबीए पाठ्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. आदिल खान तथा बीसीए पाठ्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए आईटीएस शिक्षा समूह के उपाध्यक्ष अर्पित चड्ढा ने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने सपनों को लक्ष्य में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी स्वयं पर विश्वास रखकर निरंतर प्रयास करता है तो कोई भी बाधा उसे सफलता प्राप्त करने से रोक नहीं सकती।

# सीईओ रवि कुमार एनजी ने चार मूर्ति चौक पर अंडरपास का किया निरीक्षण, लोगों को जल्द मिलेगी राहत

वेलकम इंडिया

- रविवार को एसीईओ सुमित यादव भी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सड़कों का जायजा लेने पहुंचे और अलग-अलग जगहों पर जाकर ट्रैफिक और सड़कों का हाल देखा।
- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने मंगलवार को अंडरपास के निर्माण कार्य का जायजा लिया और अंडरपास का निर्माण तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक पर ट्रैफिक की समस्या से वाहन चालकों को जल्द आंशिक तौर पर राहत मिल सकती है। चैराहे पर निमार्णाधीन अंडरपास की छत (स्लेप) का कार्य शीघ्र पूरा होने वाला है। इसके बाद इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। वाहन इसके ऊपर से गुजर सकेंगे। हालांकि चैराहे से दोनों तरफ अंडरपास का कार्य पूर्ण होने में अभी छह माह लगेंगे। साथ ही अंडरपास की छत (स्लेप) का कार्य पूरा कर वाहनों के लिए शीघ्र खोल देने के निर्देश दिए, ताकि वाहन चालकों को आंशिक रूप से राहत मिल सके। सीईओ अंडरपास के चारों ओर पैदल घूमे। वर्क सर्किल एक के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने अंडरपास के कार्य प्रगति से एसीईओ को अवगत कराया। सीईओ ने सभी सर्विस रोड का दुरुस्त करने और चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दिए। फुटओवर ब्रिज को भी देखा। फुटओवर ब्रिज में लगे लिफ्ट का नियमित रखरखाव करने के निर्देश दिए। सीईओ एनजी रवि कुमार ने 60 मीटर रोड की सर्विस रोड को चैड़ा करने करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे 80 मीटर रोड देखने पहुंचे। ऐस सिटी के पास से 60 मीटर और 130 मीटर रोड को जोड़ते हुए बनी इस रोड को शीघ्र कंपलीट करने के निर्देश दिए। लगभग 100 मीटर दूरी में जमीन विवाद के चलते रोड कंपलीट नहीं हो पा रही। सीईओ ने 130 मीटर रोड का भी जायजा लिया और बस-वे का कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करने के निर्देश दिए। गौरतलब है एसीईओ सबसे पहले चार मूर्ति चौक पर निमार्णाधीन अंडरपास को देखा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को भी परखा। इसके बाद एसीईओ ने गौड़ सिटी टू स्थित 12वें एवेन्यू के सामने की रोड का जायजा लिया। आसपास के लोगों से बातचीत की। निवासियों ने रोड को दुरुस्त कराने और सेंट्रल वर्ज पर आरसीसी वाल का निर्माण कराने की मांग की। एसीईओ ने सेक्टर-4 की सड़कों का जायजा लिया। सड़कों पर गड्ढों को तत्काल भरने के निर्देश दिए।





## बेटी की तलाश में भटक रही माँ, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंसाफ की उम्मीद में दर-दर भटक रही एक माँ ने मोदीनगर पुलिस पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसकी बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, लेकिन पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज करने के बजाय केवल गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद न तो युवती की कोई तलाश की गई और न ही किसी आरोपी को पकडे की कोशिश। आखिरकार, पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर के सामने गुहार लगाई, जिसके बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। एक कॉलोनी निवासी महिला के मुताबिक कुछ दिन पहले उसकी बेटी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने खुद खोजबीन की तो पता चला कि युवती को एक युवक के साथ देखा गया था। हैरानी की बात यह रही कि वही युवक भी उसी समय से लापता है। महिला का आरोप है कि युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। महिला ने इस संबंध में थाने और चौकी में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केवल गुमशुदगी दर्ज कर अपनी कार्रवाई खत्म मान ली।